RNI- DELHIN/2016/71693

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

श्रीजी एक्सप्रेस

वर्ष : 07 | अंक : 139 | नई दिल्ली, गुरुवार, 24 नवंबर 2022 | मार्गशीर्ष शुक्ल प्रथम, विक्रम संवत 2079 | पेज : 8 | मूल्य: ₹ 2 रुपये | www.shreejiexpress.com | Email-shreejiexpress2013@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

महाराष्ट्र के नासिक और पालघर में भूकंप के झटके

मुंबई। महाराष्ट्र के दो जिलों नासिक और पालघर में बुधवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार नासिक में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 रिक्टर और पालघर में 3.4 दर्ज की गई। दोनों जिलों से किसी भी तरह की क्षति की सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, नासिक के पश्चिम में 89 किलोमीटर की दूरी पर आज सुबह करीब 4.04 बजे रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई 5 किलोमीटर भूमिगत थी। पालघर के दहानु तलासरी तहसील में तड़के 3.04 बजे भूकंप के झटके महसूस किए। पालघर में 2018 के बाद से कई बार भूकंप आ चुका है।

कांग्रेस की संचालन समिति की चार दिसंबर को बैठक, हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस की संचालन समिति की बैठक आगामी चार दिसंबर को होगी जिसमें पार्टी के अधिवेशन और संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।पार्टी सूत्रों ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी।सूत्रों ने कहा, ''इस बैठक में पार्टी के अधिवेशन की तिथि, सीडब्ल्यूसी के गठन एवं संगठन से जुड़े मुद्दों और संसद के शीतकालीन सत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा हो सकती है।''पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित हुए खरगे ने गत 26 अक्टूबर को 47 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया था जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी शामिल हैं।यह समिति तब तक कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की जगह काम करती रहेगी जब तक कि पार्टी अधिवेशन में खरगे के निर्वाचन की पुष्टि के बाद एक नई सीडब्ल्यूसी नहीं बन जाती।

भारत, युगांडा ने आर्थिक, रक्षा, कारोबार, विकास सहयोग सहित द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

नई दिल्ली। भारत और युगांडा ने आर्थिक, रक्षा, कारोबार एवं निवेश, विकास गठजोड़, क्षमता निर्माण, छात्रवृत्ति कार्यक्रम सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य, कृषि प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत और युगांडा के बीच 22 नवंबर को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय स्तरीय विचार विमर्श बैठक हुई। इसमें भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव पुनीत आर कुंदल ने किया और युगांडा के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के विदेश मामलों के मंत्रालय में स्थायी सचिव बी विन्सेंट वाइस्वा ने किया।बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने आर्थिक, राजनीतिक रक्षा, कारोबार एवं निवेश, विकास गठजोड़, क्षमता निर्माण, छात्रवृत्ति कार्यक्रम, सांस्कृतिक संबंधों, लोगों के बीच सम्पर्कों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच फारेंसिक विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा, लघु एवं मध्यम उद्यम जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन , पूर्वी अफ्रीका समुदाय, पूर्वी एवं दक्षिणी अफ्रीकी साझा बाजार (सीओएमईएसए), अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त कारोबार क्षेत्र में सहयोग सहित क्षेत्रीय एवं बहुस्तरीय मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया।

बैठक में भारतीय पक्ष ने आपदा से मुकाबला करने से जुड़े आधारभूत ढांचे पर गठबंधन (सीडीआरआई) में युगांडा को शामिल होने के आमंत्रण को दोहराया।

बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय कारोबार की स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कारोबार बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की।

कांग्रेस मॉडल ने गुजरात और देश को तबाह किया : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में बिजली, पानी, शिक्षा, उद्योग क्षेत्र में हुई प्रगति का दिया हिसाब

मेहसाणा। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मेहसाणा में आयोजित विजय संकल्प सम्मेलन में कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने पिछले 20 साल में भाजपा शासन में की गई प्रगति और विकास का हिसाब जनता को दिया। उन्होंने कांग्रेस मॉडल की चर्चा कर बताया कि कांग्रेस के शासन के दौरान भाई-भतीजावाद, वंशवाद, अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, वोट बैंक पॉलिटिक्स, सत्ता में टिके रहने के लिए लोगों को लड़ाने की राजनीति का बोलबाला था। कांग्रेस ने लोगों को पिछड़ा रखा, जिससे गरीबों को हमेशा के लिए हाथ पसारना पड़े। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस मॉडल ने गुजरात और देश को तबाह किया, जिसके कारण देश को फिर से बनाने में बहुत संघर्ष करना पड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में युवाओं को खास आकर्षित करने की कोशिश की। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हें 20 साल पहले के गुजरात के हालात के बारे में पता नहीं है। 20 वर्ष में पूरी पीढ़ी नई आ चुकी है। आज के युवा विकास से हुए बदलाव का प्रभाव देख रहे हैं, इन्होंने अभाव नहीं देखा। प्राकृतिक प्रकोपों और परेशानियों के बीच गुजरात को आगे बढ़ाया गया है। इनके लिए दिन-रात कठिन मजदूरी की है।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर दी बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उंझा उमियाधाम में उन्होंने वहां के अग्रणियों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर साफ शब्दों में समझाया था। इसका असर हुआ। इससे यह सामाजिक बुराई रुकी और कन्या-बालक अनुपात में सुधार आया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके बाद कन्या सशक्तिकरण और पोषण पर बल दिया, जिससे बदलाव आया। युवाओं के भविष्य की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि 20 साल में शिक्षा में काफी सुधार हुआ और सैनिक स्कूल भी इस क्षेत्र में बनाने की पहल की गई है।

मेहसाणा में विश्व का बाजार कब्जा करने की ताकत

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेहसाणा समेत पूरे उत्तर गुजरात में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने का कारोबार तेजी से फैला है। इससे लगता है कि यह क्षेत्र इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की दिशा में विश्व बाजार को कब्जा करने में समर्थ बनेगा। यहां बनने वाली गाड़ी जापान में बेची जा रही है। पुरातात्विक महत्व के स्थल समेत धार्मिक पर्यटन बढ़ाने पर सरकार ने ध्यान केन्द्रित किया, जिससे बदलाव आया। अंग्रेजी के समय का काम मेहसाणा, आबूरोड तरंगाहिल अंबाजी रेल लाइन काम अब जाकर शुरू कराया गया।

पानी बिजली की समस्या से छुटकारा

मेहसाणा का जिक्र कर मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 20 साल पहले पानी और बिजली की गंभीर समस्या थी। चुनाव के समय बिजली पानी की चर्चा होती थी। मेहसाणा में बिजली मांगने पर कांग्रेस ने गोलियां बरसाई थी। बिजली कनेक्शन देने में भ्रष्टाचार होता था। लेकिन, भाजपा ने पिछले 20 साल में छोटी-छोटी चीजों, समस्याओं पर ध्यान देकर पूरी स्थिति बदल दी।

पहले एक दिन पानी आता था तो दिवाली जैसा लगता था। सरकार ने लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई। सुजलाम सुफलाम योजना लागू होने के बाद समस्या जड़-मूल से उखाड़ कर फेंक दी गई। मोदी ने बताया कि बिजली समस्या निवारण के लिए राज्य में 80 हजार किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन बिछाई, 20 लाख नए पोल लगाए गए।

पीएसएलवी-सी56/ईओएस-06 मिशन की लॉन्चिंग की तैयारी में जुटा इसरो

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से 26 नवंबर को पीएसएलवी-सी56/ईओएस-06 मिशन को प्रक्षेपित कर एक और इतिहास रचने की तैयारी में है।इसरो के वर्कहॉर्स लॉन्च व्हीकल का एक्सएल संस्करण है। इसरो अपनी 56वीं उड़ान में ओशनसैट श्रृंखला में अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट -06 और आठ नैनो उपग्रहों को लेकर शनिवार को पूर्वाह्न 11.56 बजे पहले लॉन्च पैड से प्रक्षेपित करेगा।नैनो-उपग्रह में चार एस्ट्रोकास्ट-2 स्विस उपग्रह, दो थायबोल्ट उपग्रह-थायबोल्ट-1 और थायबोल्ट-2-, पिक्ससेल से आईएनएस-2 भूटानसैट तथा आनंद शामिल हैं। प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड द्वारा मिशन के लिए मंजूरी दिए जाने के बाद, प्रक्षेपण हेतु उलटी गिनती शुरू होने की संभावना है।

इतिहास में कई योग्य लोगों को उचित दर्जा नहीं प्राप्त हुआ : वित्त मंत्री सीतारमण

नई दिल्ली।श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को केंद्र में रही कांग्रेस की सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के इतिहास में उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को उचित दर्जा नहीं मिला है। श्रीमती सीतारमण ने महान योद्धा लचित बरफुकन की 400वीं जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कहा, ÷बीते 70 वर्षों में उल्लेख के पात्र लोगों को इतिहास में उचित दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है।केंद्रीय मंत्री ने श्री बरफुकन को सच्चा देशभक्त बताया जिन्हें अपनी मातृभूमि के संरक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा अहोम सैनिक और प्रमुख कमांडर लचित बरफुकन ने असम की सुरक्षा सुनिश्चित की है।÷ उन्होंने कहा, ÷असम और उसके लोगों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए उल्लेखनीय योगदान दिए हैं। इसमें अहोम असाधारण थे। असम और इसके पड़ोसी इलाकों को आक्रमणों से सुरक्षित रखा गया। असम में आक्रमण की 17 कोशिशों को रोकना आसान कार्य नहीं है।श्रीमती सीतारमण ने कहा, ÷जिस तरह से अहोम वंश ने असम को संरक्षित किया इसने एक बड़ी किलेबंदी के रूप में भी काम किया है। जिसने पूरे दक्षिण पूर्व एशिया को निर्मम आक्रमणों से बचाया है और आक्रमणकारी इससे आगे नहीं बढ़ पाए। केंद्रीय मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ देशभक्त को याद करने की इस पहल पर असम सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, ÷यह उत्तर पूर्व के कम याद किए जाने वाली हस्तियों को प्रदर्शित करने का एक शानदार प्रयास है। हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं।उन्होंने कहा, ÷सदियों से इतिहास को अलग-अलग तरीकों से दर्ज करने के लिए मैं असम की संस्कृति से बेहद प्रभावित हूं। इसमें इतिहास को विभिन्न तरीकों से दर्ज किया गया है। उन्होंने इस दौरान सांस्कृतिक मंत्रालय से असम सरकार के साथ हाथ मिलाने का आग्रह किया जिसमें देश के महान योद्धाओं के इतिहास को एकत्रित किया जाए और इसका प्रचार किया जाए।

समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है: नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को कहा कि समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है

और हिंद-प्रशांत समुद्री पहल (आईपीओआई) के जरिए इसे प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को जोड़ने तथा तालमेल बिठाने की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने यहां हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद

(आईपीआरडी) के चौथे संस्करण में अपने संबोधन में यह भी कहा कि समुद्री आतंकवाद और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रसार ने ''सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल कर दिया है।''

आईपीआरडी भारतीय नौसेना का एक शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन है।

जो क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक समुद्री मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान और विचार-विमर्श को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

आसियान देशों के साथ सहयोग बढाने के लिए प्रतिबद्ध है भारत: राजनाथ

नोमपेन्ह/नई दिल्ली। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कुछ गतिविधियों तथा घटनाओं के कारण देशों के बीच परस्पर विश्वास में कमी आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे क्षेत्र में शांति व स्थिरता प्रभावित हुई है और भारत अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार सभी समुद्री विवादों के समाधान का पक्षधर है। श्री सिंह ने बुधवार को यहां आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की नौवीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सभी देशों की संप्रभुता और प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करते हुए विवादों के बातचीत के जरिये शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर है। वह हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय नियमों तथा कानूनों के आधार पर मुक्त, स्वतंत्र और समावेशी व्यवस्था की भी वकालत करता है।उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में कुछ जटिल गतिविधियों और घटनाओं को लेकर चिंतित है क्योंकि इनसे परस्पर विश्वास कम हुआ है और इससे क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता प्रभावित हुई है। भारत नौवहन की स्वतंत्रता, निर्बाध कानूनी व्यापार, समुद्री विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन पर जोर देता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि दक्षिण चीन सागर से संबंधित आचार संहिता अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप होगी और किसी भी देश के उचित अधिकारों तथा हितों की किसी भी तरीके से उपेक्षा नहीं होगी।रक्षा मंत्री ने कहा कि यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है जब दुनिया में कई जगहों पर विध्वंसक राजनीति के कारण टकराव बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण हिन्द प्रशांत जिसके केन्द्र में आसियान हो दुनिया में सुरक्षा तथा समृद्धि के लिए जरूरी है। बैठक में दस आसियान देशों तथा आठ अन्य सहयोगी देशों की हिस्सेदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह मंच केवल क्षेत्रीय सुरक्षा नहीं बल्कि दुनिया भर में शांति का वाहक बन सकता है।श्री सिंह ने कहा कि अभी दुनिया के सामने आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा है।

भाजपा पहले डर फैलाती है, फिर इसे हिंसा में बदल देती है: राहुल गांधी

बुरहानपुर। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार सुबह मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा युवाओं, किसानों और मजदूरों के दिलों में पहले डर फैलाती है और फिर इसे हिंसा में बदल देती है। राहुल की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' महाराष्ट्र से गुजरने के बाद 'दक्षिण का द्वार' कहे जाने वाले बुरहानपुर जिले के बोदरली गांव से मध्य प्रदेश में तय कार्यक्रम से एक घंटे की देरी से दाखिल हुई।राहुल ने गांव के सभास्थल पर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की कांग्रेस इकाइयों के बीच तिरंगे का हस्तांतरण कराने के बाद मध्य प्रदेश में 12 दिवसीय यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। इस मौके पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राहुल ने सभा में कहा कि उनकी यात्रा देश में फैलाई जा रही नफरत, हिंसा और डर के खिलाफ है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, ÷भाजपा सबसे पहले युवाओं, किसानों और मजदूरों के दिलों में डर फैलाती है और जब यह डर अच्छी तरह से फैल जाता है तो वह इसे हिंसा में बदल देती है।

राहुल ने भाजपा को एक तरह से चुनौती देते हुए कहा, हमने कन्याकुमारी से हाथ में तिरंगा लेकर 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू की थी। इस तिरंगे को श्रीनगर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।÷ उन्होंने दावा किया कि देश का उद्योग जगत, हवाई अड्डे और बंदरगाह केवल तीन-चार उद्योगपतियों के हाथों में हैं और अब रेलवे भी उनके हाथों में जाने वाला है। राहुल ने कहा, ÷यह अन्याय का हिंदुस्तान है। ऐसा हिंदुस्तान हमें नहीं चाहिए। गरीबों को न्याय चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महंगे पेट्रोल और रसोई गैस के लिए आम आदमी की जेब से निकलने वाला धन इन्हीं तीन-चार उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है।

राहुल ने रुद्र नाम के पांच वर्षीय बच्चे को अपनी सभा के मंच पर बुलाया, जिसने कहा कि वह बड़ा होकर डॉक्टर बनना चाहता है।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सरकार पर शिक्षा के निजीकरण का आरोप लगाते हुए कहा, ÷आज के हिंदुस्तान में रुद्र का डॉक्टर बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता।

देश-दुनिया

केंद्र में कोई भी सत्तारूढ़ दल ''सत्ता में बने रहना पसंद करता है''

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में सुनिश्चित होनी चाहिए स्वतंत्रता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए परामर्श प्रक्रिया में देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को शामिल करने से निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।

उच्चतम न्यायालय का कहना था कि केंद्र में कोई भी सत्तारूढ़ दल ''सत्ता में बने रहना पसंद करता है'' और मौजूदा व्यवस्था के तहत पद पर एक ''यस मैन'' (हां में हां मिलाने वाला व्यक्ति) नियुक्त कर सकता है। शीर्ष अदालत कुछ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली का अनुरोध किया गया है।केंद्र ने दलील दी कि 1991 के अधिनियम ने सुनिश्चित किया है कि निर्वाचन आयोग अपने सदस्यों के वेतन और कार्यकाल के मामले में स्वतंत्र रहता है और ऐसा कोई बिंदु नहीं है जो अदालत के हस्तक्षेप को वांछित करता हो।उसने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए अपनाई गई व्यवस्था निर्वाचन आयुक्तों के बीच वरिष्ठता है।न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि संस्थान की स्वतंत्रता उस सीमा पर सुनिश्चित की जानी चाहिए जिसके लिए प्रवेश स्तर पर नियुक्ति की जांच पड़ताल की जानी है।पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार शामिल हैं।पीठ ने कहा, ''केंद्र में प्रत्येक सत्तारूढ़ राजनीतिक दल खुद को सत्ता में बनाए रखना पसंद करता है। अब, हम सीईसी की नियुक्ति के लिए परामर्श प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और इस प्रक्रिया में भारत के प्रधान न्यायाधीश को शामिल करने से आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी।''केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि निर्वाचन आयोग अधिनियम, 1991 एक महत्वपूर्ण क्षण था जिसके तहत निर्वाचन आयुक्तों को वेतन और कार्यकाल में स्वतंत्रता सुनिश्चित की गई।

मायावती ने ट्वीट्र पर कही बात....

बसपा की हुकूमत में जो कुछ खास काम किया वह अपने बलबूते पर किया

लखनऊ। अशोक नवरत्न



यूपी की पूर्व सीएम और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को सिलसिलेवार तीन ट्वीट कर सपा और भाजपा पर निशाना साधा उन्होंने लिखा कि यूपी में बीएसपी सरकार में लोगों को रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त नए पक्के मकान व भूमि आदि भी फ्री में लाखों परिवारों को आवंटित करके यहां गरीबों का जीवन धन्य होते हुए सभी ने देखा, किन्तु पहले सपा व अब भाजपा सरकार में भी वैसी खास प्रगति क्यों नहीं?

दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा कि यूपी में देशी व विदेशी पूंजीनिवेश के लिए सरकार का अनवरत प्रयास जरूरी, किन्तु यह केवल खेती भूमि के अधिग्रहण तथा राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। यूपी जैसे अति-गरीबों के पिछड़े प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में वैसी ही तेज प्रगति भी लोगों को दिखनी चाहिए। एक अन्य ट्वीट में मायावती ने लिखा कि यूपी की समग्र प्रगति, विकास व लोगों की रोजी-रोटी के साथ ही उनकी सुरक्षा व आत्म-सम्मान के लिए बीएसपी की हुकूमत मे जो कुछ खास काम किया वह अपने बलबूते पर किया गया।

संक्षेप खबर

बलात्कार के आरोपी को दस वर्ष का कठोर कारावास व 45 हजार का अर्थदंड

मथुरा(श्रीजी एक्सप्रेस)। अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट विपिन कुमार की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से बलात्कार के आरोप में अभियुक्त को दस वर्ष का कठोर कारावास व 45 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था उसकी पुत्री पीड़िता 23 अगस्त 2017 को लगभग 11 बजे कृष्णा नगर अपनी मां के पास जा रही थी, तभी रास्ते में अभियुक्त नरेश मिला और मेरी नाबालिग पुत्री को बहलाकर अपने साथ ले गया। जब लड़की देर रात तक नहीं लौटी तो हमने छानबीन की लेकिन लड़की का कोई पता नहीं चला। कुछ लोगों ने मुझे यह जानकारी दी कि तुम्हारी लड़की को नरेश के साथ देखा है। जब नरेश के घर जाकर देखा तो नरेश भी घर से लापता था। पीड़िता के पिता ने थाना कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसमें पुलिस ने धारा 363, 366, 376 आईपीसी व 3/4 पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी संख्या 821/2017 है। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट विपिन कुमार ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त नरेश को धारा 363 भा0दं0सं0 के अपराध हेतु 4 वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड, धारा-366 भा0दं0सं0 के अपराध हेतु 4 वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड, धारा 376 भा0दं0सं0 के अपराध हेतु 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा बीस हजार रूपये के अर्थदण्ड एवं पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा-4 में 7 वर्ष के कठोर कारावास तथा पन्द्रह हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड न देने पर अभियुक्त अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतेगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि इस सजा में समायोजित होगी।

नाबालिग से दुराचार मे संलिप्त कम्प्यूटर सेटर संचालिका पकड़ी

कोसीकलां। पडोसी महिला के यहा कम्प्यूटर, सीखने गयी नाबालिग के साथ महिला के भाई ने कोलड्रिंक मे नशीला पदार्थ मिला दुराचार करने एवं बीडियो क्लिप बना ब्लैकमेल कर हजारों रुपये लेने व शिकायत करने पर युवक के पिता द्वारा गाली गलौज कर घर से भगाने के मामले में नामजद महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।नगर निवासी एक महिला कम्प्यूटर, केन्द्र चलाती है। गत 24 अगस्त को नाबालिग उसके यहां कम्प्यूटर, सिलाई सीखने गयी थी। इसी दौरान महिला के भाई ने कोलड्रिंक मे नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुराचार किया और उसका बीडियो क्लिप बना सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए युवक ने उससे 20 हजार रुपये ले लिए। शिकायत लेकर युवक के घर पहुचे परिजनों को युवक के पिता ने गाली गलौज कर भगा दिया। पुलिस ने नाबालिग का चिकित्सकीय परीक्षण करा पोस्को एक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओ मे मामला दर्ज कर आरोपी युवक को पूर्व मे जेल भेज दिया। गत दिवस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कम्प्यूटर केन्द्र संचालिका को बस स्टैण्ड से मुखविर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शराब बेचते युवक धरा

कोसीकलां। बठैनगेट बंबे की पुलिया पर खुले मे अवैध शराब बेच रहे एक युवक को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकडे गये युवक ने अपना नाम धर्मवीर पुत्र नत्थी निवासी गांव जाब बताया। पकडे गये युवक के कब्जे से 120 बोतल, 350 क्वाटर अवैध हरियाणा मार्का शराब के बरामद किये गये।

गंदगी के कारण नगर में बीमारियां पसार रहीं पैर

कोसीकलां। नगर मे चहुओर फैली गंदगी से मलेरिया, डेगू जैसी बीमारियों सहित अन्य संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। बावजूद इसके न तो स्वास्थ्य विभाग ही इस ओर ध्यान दे रहा और न ही पालिका प्रशासन। जिस कारण विभागीय अधिकारियो के खिलाफ लोगों मे रोष व्याप्त है। लोगों ने मामले की शिकायत सीएम पोर्टल सहित जिलाधिकारी से की है।पालिका की अनदेखी के चलते नगर मे चहुओर मुहवांए पडी गंदगी के ढेरो के साथ साथ नाले नालिया सिल्ट से भरे है। इधर विभिन्न कालोनियो के पशु पालकों ने अपने पशु सडको पर बांध रखे है। जिस कारण नगर में मक्खी मच्छरो का भारी प्रकोप है। गंदगी के कारण तकरीबन हर घर में डेगू व मलेरिया के मरीजो की सख्या मे दिनो दिन इजाफा हो रहा हैं। बावजूद इसके पालिका प्रशासन आखे बंद किये बैठा है। पालिका प्रशासन ने शहर मे कहीं भी फोगिग ही करायी है और न ही गंदगी को साफ करने की हिम्मत जुटायी है। स्वास्थ्य विभाग भी सिर्फ और सिर्फ सीएचसी तक सिमट कर रह गया है। मामले मे अधिशाषी अधिकारी उमेश मिश्रा से बात की गयी तो उन्होने बताया कि मामला संज्ञान मे आया है। जल्द ही सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करा फोगिग करायी जाएगी। शिकायत करने वालों में राहुल अग्रवाल, जीतू, दीपक अग्रवाल, शिवम शर्मा, प्रदीप, अर्जुन, शिवानी, गरिमा, माही, विनीता, अंजली, माया, अलका अग्रवाल, आंचल, देव, वंश कंसल, आदि दर्जनो महिला पुरूष थे।

हाथरस शहर में प्रथम बार मां सुमित्रा रसोई में लगाई गई रोटी की ऑटोमेटिक मशीन

हाथरस। मां सुमित्रा रसोई गौशाला रोड़ हाथरस जिसका निर्माण श्रीमती सुमित्रा देवी अग्रवाल जी एवं लाला श्री कपूर चंद अग्रवाल जी की स्मृति में किया गया है जिसका कि उद्देश्य मात्र 10/- रू प्लेट में गरीब और जरूरतमंद लोगों को शुद्ध भोजन व आरओ का पानी निशुल्क सेवा करना है।रसोई के संचालक निरंजन लाल अग्रवाल (डब्बू भाई)ने बताया कि रसोई में आधुनिक तकनीक से रोटी बनाने की मशीन लगाई गई है जो की 1घंटे में 1000 रोटी सेककर तैयार कर देगी और उसकी रोटी हर समय एक दम मुलायम रहेगी, यह मशीन गुजरात के राजकोट से मंगाई गई है। मशीन का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव आर्य , सदर विधायका श्रीमती अंजुला माहौर , हाथरस जनपद के पुलिस कप्तान देवेश कुमार पांडे , डॉ. श्री एम. सी. गुप्ता जी एवं राजेश गर्ग (पिंकी रबड़ उद्योग) के द्वारा संयुक्त रूप से किया गयापुलिस कप्तान देवेश कुमार पांडे द्वारा रोटी मशीन की एमसीबी ऑन करके तथा सदर विधायका माननीय श्रीमती अंजुला माहौर ने रोटी की पेड़ी मशीन में डालकर मशीन का उद्घाटन किया।उद्घाटन के मौके पर बृजकिशोर अग्रवाल अरुण अग्रवाल, बुद्धसेन आर्य , राकेश बंसल , सुलभ गर्ग, विजय कुमार जैन, सुनील अग्रवाल, सुरेंद्र जी, वीरेंद्र गुप्ता तथा अन्य लोग मौजूद रहे।उद्घाटन के समय पर मौजूद सभी सज्जनों द्वारा इस कार्य को हाथरस शहर के लिए सराहनीय कदम बताया ।

जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने दिए मानक के अनुरूप सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश

हाथरस। हाथरस-मथुरा मार्ग पर कार्यदायी संस्था पी0एन0सी0 के माध्यम से कराये जा रहे मरम्मत कार्यो का जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने निरीक्षण कर निर्धारित शर्तों एवं मानक के अनुरूप सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि जनपद में 66 कि0मी0 की सड़कों की मरम्मत हेतु टेंडर किया गया था। मरम्मत का कार्य पी0एन0सी0 संस्था द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री को जनपद एटा में संस्था द्वारा तैयार किया जाता है। मरम्मत कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को अपनी उपस्थिति में मरम्मत का कार्य कराने एवं प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

धूमधाम से मनाया पुलिस झण्डा दिवस मनाया

थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने फहराया झण्डा

1952 के बाद पहली बार 2014 में मना पुलिस झण्डा दिवस

श्रीजी एक्सप्रेस

कोसीकलां/मनोज माथुर

कोसीकलां। अपने कर्तव्य, परायणता, को निष्ठावान बनाने एंव प्रदेश की एकता और अखण्डता को मजबूत करने के लिए नेवोलियन वोनापार्ट से जुडे ध्वजों के इतिहास युद्व मुहिमों में सैन्य टुकडियों को अलग-अलग ध्वजों के माध्यम से पहचाने जाने के लिए ब्रिटिस पुलिस के बाद देश सेवा पुलिस बल को देश के प्रथम प्रधानमत्री द्वारा 23 नवम्वर 1952 को ''पुलिस कलर'' (ध्वज) को उत्तर प्रदेश पुलिस को दिया गया। इसी क्रम को यादगार बनाने के लिए पूर्व डीजीपी ने पहल करते हुए राज्य में जनपद मथुरा के थाना कोसीकलां में भी पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया।23 नवम्वर 1952 पुलिस संगठन में एक ऐतिहासिक दिन था। चूंकि ध्वजों का इतिहास नेवोलियन वोनापार्ट से जुडा है जिसमें माना जाता है कि युद्ध विरामों में सैन्य टुकडियों को अलग-अलग ध्वजों के माध्यम से पहचाना जाता था। पुलिस के सीने के वांयी ओर लगा यह ध्वज पुलिस कर्मियों में एक नई उर्जा का संचार करता है, प्रेराणादायक और पुलिस के चरित्र को दर्शाने वाला ध्वज माना जाता है। ब्रिटिश पुलिस के बाद देश सेवा पुलिस बल में यह गौरव उत्तर प्रदेश पुलिस बल को ही प्राप्त हुआ। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा ''पुलिस कलर''(ध्वज) को उत्तर प्रदेश पुलिस को दिया गया। तभी से उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए यह गौरव एक एतिहासिक दिन बना गया। लेकिन तत्कालीन पुलिस महानिदेशकों को इसकी याद जरा भी नहीं आयी कि प्रदेश पुलिस के गौरव के दिन को भी याद किया जाऐ। लेकिन पूर्व पुलिस महानिदेशक आनन्द लाल बनर्जी ने इस ऐतिहासिक दिन 23 नवम्वर की एक बार पुनः यादों को ताजा कर दिया और पुलिस थानों में 1952 के बाद पहली बार 2014 में प्रदेश में पुलिस झण्डा दिवस के रूप में इस ऐतिहासिक दिन को याद किया गया। जिसके चलते थाना कोसीकलां में पुलिस झण्डा दिवस बडे ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने थाना परिसर में झण्डा फहराया और झण्डे को नतमस्तक होकर सलामी दी। इस अवसर पर इन्सपैक्टर क्राइम नेतराम शर्मा, शहर चौकी प्रभारी रोहित कुमार, गोपाल बाग चौकी प्रभारी प्रवीन तेवतिया, मनमोहन शर्मा, रवि कुमार, पुनीत कुमार, सुनील कुमार, तेजिन्द्र सिह, अवधेश कुमार, प्रताप सिह, राकेश कुमार, आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

डिलीवरी के दौरान महिला की मौत, भारत हॉस्पिटल पर आक्रोशित परिजनों ने काटा हंगामा



जहाँगीराबाद(बुलन्दशहर)। अहार रोड़ पर इंडेन गैस गोदाम के समीप स्थित भारत हॉस्पिटल पर बड़ी लापरवाही के चलते एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि डिलीवरी के दौरान एक महिला की मौत हुई और मामले में अपने आप को फंसता देख हॉस्पिटल स्टाफ फरार हो गया। गांव औरंगाबाद ताहरपुर निवासी हरेंद्र उर्फ हीरो ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी का डिलीवरी का टाइम था। जिसे वह लेकर भारत हॉस्पिटल गया। बताया कि डॉक्टर को अवगत करा दिया गया था कि पूर्व में एक बार महिला की ऑपरेशन से डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत हो गई थी। अबकी बार यह दूसरी डिलीवरी है। डॉक्टर के सफलतापूर्वक डिलीवरी के आश्वासन के बाद महिला को एडमिट कराया गया। महिला ने रात बच्ची को जन्म दिया। लेकिन इसी बीच डॉक्टर व स्टाफ अकस्मात केस बिगड़ता देख जच्चा को बुलंदशहर के लिए रेफर करने लगा। इसी लापरवाही के बीच महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया। उधर, नवजात बच्ची इस दुनिया में आते ही मां के प्यार से वंचित हो गई। आक्रोशित परिजनों ने शव अंदर रखकर घंटों हंगामा किया। मामले की जानकारी पाकर एसीएमओ डॉ0 सुनील सिंह व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की रिपोर्ट लेते हुए भारत हॉस्पिटल को तत्काल सील कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।

पांच वर्ष से ठेकेदार ने सफाई कर्मियों को नहीं दिया प्रोविडेंट फंड, कर्मचारियों ने जताया विरोध

चेतावनी-जल्द न मिला पीएफ का पैसा तो करेंगे हड़ताल

नगर पंचायत प्रशासन भी नहीं कर रहा ठेका पर तैनात सफाई कर्मियों का सहयोग

चौमुहां। श्रीजी एक्सप्रेस

नगर पंचायत में ठेका पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को वर्षों से प्रोविडेंट फंड की धनराशि न मिलने से क्षुब्ध कर्मचारियों ने चौमुहां नगर पंचायत कार्यालय पर अपना विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना था की ठेकेदार ने उनके पीएफ खाते में विगत पांच वर्षों से पीएफ निधि का पैसा नहीं जमा किया है। इसकी शिकायत सफाई कर्मियों ने कई बार चेयरमैन और ईओ से भी की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सफाईकर्मी प्रेम सिंह ने बताया कि उन्हें 5 वर्षों से जमा पीएफ की धनराशि नहीं मिली है। वह इसकी शिकायत कई बार ठेकेदार के अलावा नगर पंचायत प्रशासन से कर चुके हैं। भरत सिंह ने बताया कि उनके वेतन से पीएफ की धनराशि काटी जा रही है लेकिन जरूरत पड़ने पर उन्हें पीएफ की धनराशि नहीं मिल रही है। शिकायत करने पर भी नगर पंचायत की तरफ से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। सफाई कर्मचारी कन्हैया ने बताया कि पहले जिस ठेकेदार पर सफाई का ठेका था उसने पांच वर्ष ने 31 सफाई कर्मचारियों के पीएफ निधि का लाखों रुपये का भुगतान नहीं किया है। वर्तमान में सफाई कर्मियों का ठेका बदल कर किसी अन्य ठेकेदार को दे दिया गया है। दो तीन महा से ठेकेदार उनके पीएफ की धनराशि खाते में जमा करा रहा है। पिछले ठेकेदार ने 5 साल से उनके पीएफ का भुगतान नहीं किया है। चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनके पीएफ का भुगतान न किया गया तो वह सफाई कार्य बाधित कर हड़ताल करने को मजबूर होंगे। धर्मवीर सिंह,गिरधर यादव,राजू,संतोष,ओमप्रकाश, साहब सिंह,राहुल,आदि सफाई कर्मियों ने जिलाधिकारी से प्रोविडेंट फंड दिलाएं जाने की मांग की है।

इस सम्बंध में चौमुहां नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र सिंह मामले से पल्ला झाड़ते हुए अनभिज्ञता जताई। उनका कहना था कि मुझे चौमुहां नगर पंचायत में चार्ज लिए अभी दो महीने हुए हैं मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

24 घंटे के अश्वशन पर खुला जाम, पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय क़ी गुहार

बुलंदशहर (श्रीजी एक्सप्रेस)।

जहांगीराबाद नगर मोहल्ला पाठक पूर्व निवासी बब्लू के लगी गोली में मौत के बाद लगायागुस्साए लोगो नें लगाया जाम,एसडीएम सीओ प्रभारी के 24 घंटे में सभी आरोपियों के पकड़ने पर खोला जाम। हम बता दें क़ी कल करीब 5 बजे सायं कुछ अज्ञात बाईक सवार लोगो नें मौहल्ला पाठक पूर्व निवासी विपुल उर्फ़ बब्लू कों घर से कुछ हीं दूरी पर विमला टाकीज के समीप गोली मार दीं थीं। बब्लू क़ी देर रात उपचार के दौरान मौत हों गई। आज सुबह गुस्साए लोगो नें बब्लू के शव कों आहार रोड पर रख लम्बा जाम लगा दिया। सभी लोग अलाधिकारिओ कों मौके पर बुलाने व आरोपियों कों जल्द पकड़ने क़ी मांग कर रहें थे।मौके पर पहुंचे एसडीएम नवीन कुमार व पुलिस क्षेत्रधिकारी अन्वीता उपाध्याय नें समझा बुझाकर शांत किया । सड़क जाम कर रहें लोगो कों शांत करते हुये बाकी सभी आरोपियों कों 24 घंटे में पकड़ने के आश्वासन पर शांत हुये। मृतक बब्लू के परिजन सभी पहुंचे अलाधिकारियो से न्याय क़ी गुहार लगा रहें थें। एसडीएम नवीन कुमार नें कहा कि किसी भी आरोपियों कों बक्शा जायेगा।सीओ अन्वीता उपाध्याय नें कहा कि आरोपियों कि धरपकड़ के लिये पुलिस टिम लगातार दबिश दें रहीं समय उपरांत हीं सभी कों पकड़ा जायेगा।कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार नें मृतक बब्लू क़ी माँ कों अपने गले से लगा अश्वशत करते हुये कहा कि सभी आरोपियों कों समय से पहले हीं पकड़ा जायेगा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के समझाने पर गुस्साए लोगो नें जाम खोलते हुये, सभी मृतक बब्लू के पार्थिव शरीर कों लेकर अंतिम संस्कार के लिए ले गयें। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल के नमूने हुए लिए।

यूनिसेफ के सहयोग से ब्लॉक रेस्पॉन्स टीम के सदस्यों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है : सीएमओ

बुलंदशहर (श्रीजी एक्सप्रेस)।

यूनिसेफ के सहयोग से लोगों को बताये जा रहे नियमित टीकाकरण के फायदे बुलंदशहर, 23 नवंबर 2022। नियमित टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यूनिसेफ के सहयोग से गंगागढ़ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों के साथ-साथ ग्राम प्रधान व राशन डीलर के अलावा निजी चिकित्सकों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनय कुमार सिंह ने बताया यूनिसेफ के सहयोग से ब्लॉक रेस्पॉन्स टीम के सदस्यों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों को नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया यूनिसेफ के सहयोग से जनपद के सभी ब्लाकों में जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को नियमित टीकाकरण के फायदे भी बताए जा रहे हैं। सीएमओ ने बताया बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। टीकाकरण के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए बनाए गए प्लान के अनुसार कार्य करें। सभी लाभार्थियों को टीकाकरण के प्रति जागरूक होना चाहिए, जिससे सभी का नियमित टीकाकरण हो सके।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश चन्द्र ने बताया सरकार द्वारा टीबी, पोलियो सहित गम्भीर बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण कराया जाता है, जो कि सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध है। जागरूकता के अभाव के चलते नियमित टीकाकरण नहीं कराते हैं। ऐसे में बच्चों के विभिन्न बीमारियों की चपेट में आने का खतरा रहता है। यूनिसेफ के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर नियमित टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कोरोना के बाद अब नियमित टीकाकरण पर जोर दिया जाना बेहद जरूरी है। यह टीके 12 प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं, जिसमें टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, डिप्थीरिया, टिटनेस, मीजिल्स परट्यूटिस (काली खासी), रूबेला, जेई (दिमागी बुखार), निमोनिया, वायरल डायरिया, इन्फ्लुएंजा आदि शामिल हैं। निजी अस्पतालों में जहां इन बीमारियों से बचाव के लिए महंगे दामों पर टीके लगवाने पड़ते हैं। वहीं सरकारी अस्पतालों में यह टीके पूरी तरह से निरूशुल्क उपलब्ध हैं। पहासू यूनिसेफ के ब्लाक समन्वयक परवेज अहमद ने बताया बुधवार को जनपद के गांव गंगागढ़ में नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए बैठक का आयोजिन किया गया। बैठक में ग्रामीणों सहित ग्राम प्रधान, राशन डीलर के अलावा निजी चिकित्सकों ने भाग लिया।

पालिका को मुंह चिड़ा रहा नगर का क्षतिग्रस्त घन्टाघर

मनोज माथुर/श्रीजी एक्सप्रेस

- 50 वर्षो में न घडी लगी न हुआ प्लास्टर

कोसीकलां। नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग कहे जाने वाले पुराना जीटी रोड पर स्थित घंटाघर देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुका है। जर्जर घंटाघर से गिर रहीं लेंटर की पर्त एवं ईटों से दर्जनो लोग चुटैल हो चुके है। जिस कारण तकरीबन 50 वर्ष पूर्व बने घंटाघर पर अभी तक घडी नही लग पायी है। जबकि घंटाघर के नीचे रिक्सा, ढकेल एंव उसी के ही पास झाडी मजदूरो का भी रेला लगा रहता है।

उल्लेखनीय हो कि नगर वासियों की मांग पर सबसे व्यस्ततम मार्ग पुराना जीटी रोड पर करीब 50 वर्ष पूर्व तत्कालीन पालिकाध्यक्ष द्वारा नगर के ह्रदय स्थल कहे जाने वाले घन्टाघर का भव्य निर्माण कराया गया था। जानकार बताते हैं कि घन्टाघर पर उस कार्यकाल के बाद न तो प्लास्टर ही कराया गया और न ही घडी ही लगायी गयी। बताया जाता है कि घन्टाघर पर लगाने के लिए दो अच्छी घडी मगवायी गयी थी जिसने नगर पालिका में ही समय दिखाते दिखाते दम तोड दिया। अब पालिका की देखरेख के अभाव में उक्त घन्टाघर धीरे धीरे जर्जर अवस्था मे पहुंच गया, जो कभी भी जमीजोद हो सकता है। लेकिन पालिका का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जवकि यह मार्ग रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड होते हुए कोकिलावन, नन्दगांव रोड से मिलता है।

घंटाघर से लगातार गिर रही ईट व लेंटर की पर्तो से दहशत मे आये लोगों ने अब पालिका प्रशासन पर सबाल उठाना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि घन्टाघर के नीचे रेहडी वाले, रिक्से वाले एवं दिहाडी मजदूर हमेशा खडे रहे हैं। इतना ही नहीं घन्टाघर के नीचे कई स्कूली बसों का स्टॉपेज है, जहा से दर्जनो कॉलौनियों के बच्चे अपनी बसों का इन्तजार कर उनमे सवार होते हैं। इतना ही नहीं आसपास भी कई ऐसी दुकानें है कि अगर कोई अनहोनी हुई तो सैकडो लोग इसकी चपेट मे आ सकते है। लोगों ने जिलाधिकारी से तत्काल इसके जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। लोगो का कहना है कि जब घन्टाघर के नीचे से डीजे बजकर निकलता है तो यह कम्पन करता है जिससे हादसा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि अगर कभी ओवर लॉड वाहन इसके नीचे से निकला और इसमे फस गया तो वह अपने साथ घन्टाघर को भी लील लेगा।

मंडी सचिव निरंकुश? दबंगई से करते हैं नियम विरुद्ध कार्य? कानून को उल्लंघन करना मंडी सचिव की आदत?

हाथरस(श्रीजी एक्सप्रेस)। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सब्जी मंडी परिसर में मंडी सचिव द्वारा दबंगई के साथ कानून को धता बताकर खुलेआम उल्लंघन किया जाता है और यह नियम विरुद्ध कार्य करना उनकी आदत है और उनका कार्यकाल पूरा होने के करीब होने की वजह से यह आदत और भी ज्यादा बढ़ गई है? अपना कार्यकाल पूरा होने से पूर्व ज्यादा से ज्यादा कार्य नियम विरुद्ध तरीके से कर रहैं है? सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि इस कृपा के बदले उन्हें उचित प्रतिफल भी प्राप्त होता है?ऐसे ही दो वाक्ये सब्जी मंडी में फड़ संख्या 6 व फड़ संख्या 9 में मंडी समिति के अभिलेखों के अनुसार दोनों ही फड़ पर आवंटित अढ़तिया कार्य नहीं कर रहे हैं, इससे यह स्पष्ट होता है कि मंडी सचिव के यश से सरकारी दुकानों को बेच दिया गया है जो कि नियमों के विरुद्ध है और फड़ संख्या 6 और फड़ संख्या 9 पर अवैध रूप से आढ़तियां बैठकर दबंगई से कार्य कर रहे हैं और यह कार्य मंडी सचिव और मंडी निरीक्षक की पूरी जानकारी में हो रहा है। इस अवैध कार्य से मंडी सचिव व मंडी निरीक्षक को उचित प्रतिफल अवैध दुकानदारों द्वारा दिया जाता है?

राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन गीतानंद जी महाराज की पुण्यतिथि 27 नवंबर को वृंदावन में मनेगी

मथुरा। श्रीजी एक्सप्रेस

राष्ट्रसंत तपोमूर्ति ब्रह्मलीन गीतानंद जी महाराज की 18 वीं पुण्यतिथि वृंदावन के गीता आश्रम में मनाई जाएगी, जिसमें देश-विदेश से उनके अनुयाई बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

गीता आश्रम वृन्दावन के प्रमुख एवं महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अवशेषानन्द महाराज ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रसंत ब्रम्हलीन तपोमूर्ति गीतानंद जी महाराज के 18 वें निकुंज उत्सव गीता आश्रम में एक वृहद कार्यक्रम 27 नवम्बर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के जाने माने संत, विद्वान, हाईकोर्ट के जस्टिस, अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर भगवत सेवा में लीन साधुओं को जहां ऊनी वस्त्रों एवं कंबल आदि का वितरण किया जाएगा वहीं साधनविहीन लोगों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी एवं ब्रज क्षेत्र का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। ब्रम्हलीन संत गीतानन्द महाराज ने अपने जीवन की अंतिम के आखिरी समय तक जनहित कार्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग की मदद करने का प्रयास किया था। उत्तर भारत के वे ऐसे महान संत थे जो घट घट में भगवान के दर्शन करते थे तथा जिनका कार्य क्षेत्र उनके द्वारा देश के विभिन्न भागों में स्थापित किये गए आश्रमों के साथ साथ आश्रम के बाहर भी था। उनकी आराधना का मूल मंत्र था ''प्रमु तुम हरौ जनन की पीर'।'

वे ऐसे महान संत थे जिन्हे गीता न केवल कंठस्थ थी बल्कि गीता को उन्होंने अपने जीवन में उतारा था। गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है इसलिए उन्होंने गोशालाओं की स्थापना की तो शिक्षा के लिए संस्कृत पाठशाला, चिकित्सा के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन, संतों के लिए अन्न क्षेत्र, वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना, हरिजन बच्चों के लिए हरिजंन छात्रावास, प्राकृतिक आपदा में पुनर्वास एवं राहत कार्य इस महान संत के त्यागमय जीवन की कहानी के पन्ने बोलते हैं। वृन्दावन की पावन धरती पर चैतन्य महाप्रभु, बल्लभाचार्य, रूप गोस्वामी, जीव गोस्वामी, गोपाल भट्ट, जैसे संतों ने यदि धर्म की ध्वजा फहराई और श्यामाश्याम की लीलाओं के गूढ़ रहस्य को समाज के कोने कोने तक पहुंचाया तो बीसवीं शती में देवरहा बाबा, श्रीपाद बाबा, आनन्दमयी मां,स्वामी अखण्डानन्द, स्वामी वामदेव, नीम करौली बाबा, जैसे संतों ने सनातन धर्म पर आए संकट से समाज को निकालकर एक दिशा दी। स्वामी गीतानन्द महराज ने इससे अलग हटकर गीता के रहस्य को मानवजीवन में उतारने के मूलमंत्र को इस प्रकार प्रस्तुत किया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के मुंह से सहज ही निकल पड़ा था कि यदि अन्य संत इसी भावना को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें तो भारत अपने पुराने गौरव को प्राप्त कर सकता है। कारगिल युद्ध के बाद प्रधानमंत्री रक्षा कोष में जमा करने के लिए जब इस संत ने 11 लाख रूपये की थैली पूर्व प्रधानमंत्री स्वय अटल बिहारी वाजपेयी को सौंपी तो वाजपेयी अभिभूत होकर उक्त प्रतिक्रिया व्यक्त कर गए पर अहंकार से कोसों दूर इस महान संत ने यह कहकर वाजपेयी को और आश्चर्यचकित कर दिया था कि इसमें उनका कुछ भी योगदान नही है। उन्होंने तो वही काम किया है जो एक पोस्टमैन करता है। यह धनराशि उनके शिष्यों की है जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री रक्षा कोष को दिया है। उनका सिद्धान्त था कि दान इस प्रकार दिया जाना चाहिए कि दाहिने हांथ से दिये गए दान का पता बांए हाथ को भी न चल सके।

स्वामी गीतानन्द महाराज दीपक की तरह थे जिन्होंने न केवल अपने शिष्यों को बल्कि सम्पूर्णमानवता को अंधकार से निकालकर समाजसेवा का ऐसा सन्मार्ग दिखाया जो वास्तविक मोक्ष का साधन है। उनका कहना था कि भगवत गीता मानव जीवन के जीने का विज्ञान है। गीता के रहस्य एवं चमत्कार को मानव अपने जीवन में उतारकर ही उसकी महत्ता और उपयोगिता का अनुभव कर सकता है। गीता मानव को जन्म से लेकर मृत्यु तक हर परिस्थिति से मुकाबला करने और उसमें दी गई अच्छाइयों को उतारने की शिक्षा देती है। स्वामी गीतानन्द महराज ने गीता पर प्रवचनों के माध्यम से समाज को बताया कि मनुष्य अपने कार्य एवं साधना से मानव की सेवा किस प्रकार कर सकता है। उन्होंने वृन्दावन की पावन भूमि से गीता के संदेश की ऐसी अमृत वर्षा की थी कि आज के प्रतियोगितापूर्ण समय में इसका रसास्वादन करने के लिए महाराजश्री के पास जो भी आया उसके मन को ऐसी शांति मिली कि उसके लिए वृन्दावन का अनूपयति गीता आश्रम ही तीर्थ बन गया। कहा जाता है कि संत भगवत शक्ति का एक स्वरूप होता है। जैसे जल का सहज स्वभाव हर व्यक्ति को शीतलता देकर उसकी तृष्णा को बुझाना होता है उसी प्रकार संतों का स्वभाव दुःखी और संतृप्त जीवों पर करूणा कर उन्हें कल्याणकारी मार्ग की ओर अग्रसर करने का होता है। ब्रम्हलीन संत गीतानन्द महाराज इन्ही विशेषताओं के कारण अपने शिष्यों के प्रेरणा के श्रोत बन गए।

संक्षेप खबर

महरौली हत्या- पूनावाला का बृहस्पतिवार को 'नार्को टेस्ट' किये जाने की संभावना

नई दिल्ली। अपनी 'लिव-इन पार्टनर' श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का 'नार्को टेस्ट' बृहस्पतिवार को होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।पूनावाला (28) को उसके भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य का पता लगाने के लिए कई परीक्षणों से गुजरना होगा। यदि प्रारंभिक जांच में उसे ठीक नहीं पाया जाता है तो नार्को विश्लेषण नहीं किया जा सकता है।पूनावाला को मंगलवार को फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में पॉलीग्राफ टेस्ट, जिसे 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' के रूप में भी जाना जाता है, से गुजरना पड़ा था।गौरतलब है कि आफताब पूनावाला को 12 नवंबर को दिल्ली पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में किराये के अपने फ्लैट में श्रद्धा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था।पुलिस ने कहा था कि आफताब ने श्रद्धा वालकर (27) की गला घोंटकर हत्या की तथा उसके शव के करीब 35 टुकड़े किए जिसे उसने घर में 300 लीटर के फ्रिज में लगभग तीन सप्ताह तक रखा और फिर उन्हें शहर के विभिन्न इलाकों में कई दिनों तक फेंकता रहा।

दिल्ली सरकार को कोविड इलाज पर खर्च के लिए न्यायिक अधिकारी को 16 लाख रुपये देने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर सरकार को निर्देश दिया है कि वह जिला न्यायपालिका के एक सेवारत न्यायाधीश को महामारी की दूसरी लहर के दौरान कोविड के इलाज पर हुए खर्च के लिए तत्काल 16 लाख रुपये से अधिक की भरपाई करे।उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के वकील की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि जिस निजी अस्पताल में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) का इलाज किया गया था, उसे यह बताने के लिए कहा जाएगा कि उसने सरकारी परिपत्र में निर्धारित राशि से अधिक शुल्क क्यों लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल को 16,93,880 रुपये की अधिक राशि वापस करने का निर्देश दिया जाएगा।न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा कि तथ्य यह है कि अप्रैल-मई 2021 के दौरान, जब दिल्ली के लोग न केवल अस्पताल में बिस्तर पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, बल्कि चिकित्सकीय ऑक्सीजन की भी भारी कमी थी, याचिकाकर्ता न्यायाधीश के पास निजी अस्पताल में इलाज कराने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था और शुक्र है कि वह बच गए। उच्च न्यायालय ने कहा, ''यह सोचते हुए भी सिहरन उठती है कि अगर याचिकाकर्ता का उस समय अस्पताल में इलाज नहीं होता तो उनका क्या अंजाम होता।''यहां साकेत जिला अदालत में तैनात एडीजे दिनेश कुमार को कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान संक्रमित होने के बाद 22 अप्रैल से 7 जून, 2021 के बीच राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह वहां तीन सप्ताह तक वेंटिलेटर पर रहे।न्यायाधीश को अस्पताल को 24,02,380 रुपये का भुगतान करना पड़ा जबकि सरकार ने केवल 7,08,500 रुपये की भरपाई इस आधार पर की कि अस्पताल ने कोविड-19 से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए निर्धारित शुल्क की अनदेखी की थी। पूरी राशि की भरपाई के लिए सरकार के इनकार के खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया।उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया और सरकार को चार सप्ताह के भीतर 16 लाख रुपये से अधिक की शेष राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसने जून 2020 के परिपत्र की वैधता पर कोई राय व्यक्त नहीं की है, इसलिए, सरकार अस्पताल के खिलाफ कानून के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई या जुर्माना समेत अन्य कार्रवाई कर सकती है।

एमसीडी में सत्ता में आने पर निजी आवासीय इमारतों का बकाया माफ कर देंगे- कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने बुधवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आगामी चुनावों में सत्ता में आने पर वह निजी आवासीय इमारतों का बकाया माफ कर देगी। पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख अनिल चौधरी ने ''हाउस टैक्स-पिछला माफ, अगला हॉफ'' अभियान शुरू करते हुए कहा कि उनकी पार्टी संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की कमी करेगी।उन्होंने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने दिल्ली में गृहकर के नाम पर नागरिकों को लूटा और धमकाया। हम एक महीने के भीतर निजी आवासीय भवनों की बकाया राशि माफ कर देंगे और सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी मकान से वर्तमान संपत्ति कर के आधे से अधिक का भुगतान नहीं लिया जाये।''चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई एक नगर निगम मूल्यांकन समिति का गठन करेगी, जो एमसीडी के तहत कॉलोनियों को फिर से वर्गीकृत करेगी और यूनिट क्षेत्र की दरें उन सड़कों की श्रेणी के आधार पर तय की जाएंगी जहां संपत्तियां स्थित हैं। उन्होंने कहा, ''हम सभी बस्तियों में नागरिक बुनियादी ढांचे और सेवाओं के बुनियादी मानकों को भी सुनिश्चित करेंगे और विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड (यूपीआईसी) परियोजना को सुदृढ़ करेंगे।'' दिल्ली में एमसीडी चुनाव के लिए मतदान चार दिसंबर को होगा और मतगणना सात दिसंबर को होगी।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर में मंगलवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से 16 साल के किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आरोपी चालक 42 वर्षीय राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक और चालक उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार दोपहर को ज्योति नगर के मीत नगर में हादसे की सूचना मिली। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पता चला कि एक ट्रैक्टर ने 16 साल के किशोर को कुचल दिया है। पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां पता चला कि किशोर की मौत हो चुकी है। ट्रैक्टर चालक राजेंद्र भी वहीं मौजूद था। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि राजेंद्र ट्रैक्टर और सेप्टिक टैंक को लेकर ज्योति नगर आया था। उसके साथ किशोर भी मौजूद था। इस दौरान किशोर ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

सड़क किनारे खड़े अधेड़ को बस ने कुचला

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में मंगलवार को सड़क किनारे खड़े एक अधेड़ को बस ने कुचल दिया। घायल 55 वर्षीय मो. अकरम को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। मो. अकरम परिवार के साथ वेलकम की मजदूर जनता कॉलोनी में रहते था। परिवार में बेटा मो. सुहेल समेत अन्य सदस्य हैं। मो. सुहेल के अनुसार, उसके पिता और मामा रिजवान शादी में शामिल होने के लिए मंगलवार को मुरादाबाद के लिए निकले थे। बस पकड़ने के लिए घर से पैदल ही जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे। सुहेल भी उन्हें छोड़ने के लिए आया था। तीनों सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे थे।

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव (एमसीडी) चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सबसे पहले दिल्ली के लोगों के बकाया हाउस टैक्स माफ करेगी और राज्य के गावों को हाउस टैक्स के दायरे से मुक्ति दिलाएगी।

श्रद्धा ने 2020 में पुलिस से की थी शिकायत

नई दिल्ली। श्रद्धा हत्याकांड की जांच कर रही दिल्ली पुलिस पुख्ता साक्ष्य इकट्ठा करने में जुटी हुई है। ऐसे में श्रद्धा का दो साल पहले लिखा लेटर भी मुंबई पुलिस के पास मिला है। यह पत्र सोशल मीडिया पर है, हालांकि यह लेटर श्रद्धा ने ही लिखा है इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है।लेटर के अनुसार, श्रद्धा वालकर को दो साल पहले ही आफताब ने टुकड़ों में काटकर हत्या करने की धमकी दी थी।

ऐसी शिकायत महाराष्ट्र के वसई में पुलिस के पास साल 2020 में दर्ज की गई थी। शिकायत में श्रद्धा ने लिखा था कि, ÷आज उसने मुझे जान से मारने की कोशिश की और वह मुझे डराता है, मुझे ब्लैकमेल करता है कि वह मुझे मार डालेगा, मेरे टुकड़े-टुकड़े करके फेंक देगा। वह मेरे साथ पिछले छह महीने से मारपीट कर रहा है लेकिन मुझमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि मैं पुलिस में उसकी शिकायत कर सकूं क्योंकि वह मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा था।श्रद्धा ने शिकायत में लिखा था, आफताब के माता-पिता उसके हिंसक व्यवहार के बारे में जानते थे और वे उससे मिलने के लिए हफ्ते में एक बार घर आते थे। पिटाई के बाद भी हम एक साथ रहे, क्योंकि हम आने वाले दिनों में शादी करने वाले थे। लेकिन अब मैं उसके साथ नहीं रहना चाहती लेकिन वो मुझे मारने की धमकी दे रहा है।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों श्रद्धा के दोस्तों ने भी पुलिस को बताया था कि 23 नवंबर 2020 को श्रद्धा ने अपने दोस्त करण को पिटाई के बारे में बताया था और चेहरे पर चोट के निशान वाली तस्वीर भी साझा की थी। इसके बाद ही श्रद्धा अस्पताल में जांच के लिए गई थी।वहीं सूत्रों की माने तो श्रद्धा ने पिटाई के बाद पुलिस को शिकायत में लिखा था।

नए वीडियो में तिहाड़ जेल में फल और कच्ची सब्जियां खाते नजर आ रहे सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन के कुछ नए वीडियो बुधवार को सामने आए, जिनमें उन्हें अपनी कोठरी में फल और कच्ची सब्जियां खाते देखा जा सकता है।जैन ने कुछ दिन पहले ही शहर की एक अदालत में याचिका दायर कर अनुरोध किया था कि तिहाड़ जेल के अधिकारियों को उनकी धार्मिक आस्था के अनुसार फल, सूखे मेवे और खजूर जैसे खाद्य पदार्थ मुहैया कराने का निर्देश दिया जाए।

बहरहाल, हाल में सामने आए वीडियो 13 सितंबर और एक अक्टूबर के हैं।

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली सरकार के मंत्री जैन की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मंगलवार को जवाब तलब किया था।याचिका सोमवार को दायर की गई थी। इसमें जेल प्राधिकारियों को मंत्री

की तत्काल चिकित्सकीय जांच कराने का भी निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि मंत्री जैन धर्म के नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, लेकिन जेल में उन्हें पिछले 12 दिन से उनकी धार्मिक मान्यताओं के हिसाब से भोजन नहीं दिया जा रहा है।

सूत्रों ने कहा, ''तिहाड़ जेल में जैन की कोठरी की सीसीटीवी फुटेज कारागार में उन्हें उचित भोजन नहीं दिए जाने के उनके दावों को नकारती है। वीडियो में दिख रहा है कि उन्हें फलों और सूखे मेवों समेत उनकी पसंद का भोजन दिया जा रहा है।''उनेंने कहा कि जैन के वकीलों ने दावा किया है कि जेल में उनका वजन 28 किलोग्राम कम हो गया है, जबकि उनका आठ किलोग्राम वजन बढ़ा है।

याचिका में दावा किया गया है कि जैन पिछले करीब छह महीने से केवल फलों, सब्जियों और मेवों या खजूर का सेवन कर रहे हैं और यह सामग्री वे सभी कैदियों के लिए उपलब्ध राशन के अपने कोटे से खरीद रहे हैं।इसमें कहा गया, ''इस बीच वह जेल में बुरी तरह गिर गये, जिससे उन्हें रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। इसके लिए उनका एलएनजेपी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्हें कोविड के बाद के लक्षण के रूप में फेफड़ों में भी समस्या है।''इससे पहले, पिछले सप्ताह सामने आये जैन के कुछ वीडियो में कथित रूप से उन्हें जेल में मालिश कराते और आगंतुकों से मिलते हुए देखा जा सकता है, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है।इस बीच, सूत्रों ने मंगलवार को दावा किया था कि जैन की मालिश करने वाला व्यक्ति एक नाबालिग से बलात्कार का आरोपी है।वीडियो को लेकर आलोचना का सामना कर रही आम आदमी पार्टी (आप) ने पूर्व में दावा किया था कि जैन जेल में फिजियोथेरेपी करवा रहे थे, जहां वह धन शोधन के आरोप में पिछले पांच महीने से न्यायिक हिरासत में हैं।

मीडिया में जेल का सीसीटीवी फुटेज लीक होने पर तिहाड़ प्रशासन को नोटिस

मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन ने अपने वकील के जरिये मीडिया (टेलीविजन, डिजिटल या प्रिंट) को जेल के अंदर का कोई भी सीसीटीवी फुटेज न चलाने का निर्देश देने की मांग करने वाली एक अर्जी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की है।

वक्फ बोर्ड भर्ती घोटाला: आप विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड भर्ती में गड़बड़ी मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों को जमानत दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सभी आरोपितों को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।आज सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

कोर्ट ने अमानतुल्लाह के अलावा जिन आरोपितों को जमानत दी उनमें दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ महबूब आलम, हामिद अख्तर, किफायतुल्लाह खान, रफीऊशान खान, इमरान अली, मोहम्मद अबरार, आकिब जावेद, अजहर खान, जाकिर खान और अब्दुल मन्नर शामिल हैं।

तीन नवंबर को कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इन आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13(2), 13((1)(डी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। इस मामले में 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त को चार्जशीट दाखिल की थी।

सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा की दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गईं। चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान एवं महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

एमसीडी चुनाव: पूर्वांचली मतदाताओं को लुभाने में जुटी है आप और भाजपा

नई दिल्ली। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

दिल्ली की सियासत में डेढ़ दशक पहले तक जहां पंजाबी और वैश्य समुदाय का दबदबा हुआ करता था। लेकिन आज जिसके पल्ले में पूर्वांचल के लोग हैं, सत्ता उसे ही मिलती है। यह बात राजनीतिक पार्टियां समझ चुकी है। एमसीडी चुनाव के लिए प्रचार और प्रेस कांफ्रेंस का सिलसिला लगातार जारी है। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी चाहे पदयात्रा कर रहे हों या अपने वार्ड में सभा, वह भी दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल के लोगों के साथ अच्छा खासा समय बिता रहे हैं। कुल मिलाकर सभी दलों के बड़े नेता पूर्वांचली मतदाताओं पर डोरा डालने में जुटे हैं।दिल्ली की कुल मतदाताओं में 30 फीसदी से अधिक का पूर्वांचल के मतदाता हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों का 250 निगम वार्ड में से 60 से अधिक सीटों पर दबदबा है। इन सीटों पर पूर्वांचली मतदाताओं की निर्णायक भूमिका है। एमसीडी चुनाव में बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है और दोनों ही दल पूर्वांचलियों को लुभाने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। 20 नवंबर को जब आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहली बार निगम चुनाव के लिए पहाड़गंज में जनसभा करने पहुंचे तो वहां कांग्रेस के पूर्व सांसद और पूर्वांचल के चर्चित चहरे महाबल मिश्रा के आम आदमी पार्टी में आने से गदगद दिखाई दिए।अगले ही दिन यानी सोमवार को प्रदेश बीजेपी मुख्यालय में निगम चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे तो पूर्वांचल मोर्चा को खास तौर पर उपस्थित रहने को कहा गया। पूर्वांचल मोर्चा ने छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों का भी जमावड़ा लगा दिया, जिसे देखते ही जेपी नड्डा भी छठ, ठेकुआ और बिहार से अपने नाते को बयां कर दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल के लोगों से वोट देने की अपील की।नड्डा ने कहा, ÷बिहार में मेरा जन्म हुआ, वहां की छाप मेरे ऊपर है और मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे गंगा किनारे 20 सालों तक छठ पूजा मनाने का मौका मिला। नड्डा ने कहा कि छठ का प्रसाद ठेकुआ मांगकर खाते थे। ठीक वैसे ही एक बार फिर पूर्वांचलवासियों से मैं 4 दिसंबर के लिए प्रसाद मांगने आया हूं।पार्टी अध्यक्ष की इस अपील के बाद बीजेपी के भोजपुरी सुपरस्टार सांसदों की तिकड़ी गायक और अभिनेता मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव ने दिल्ली के उन इलाकों में रोड शो और सभा करने इलाकों में करने की जिम्मेदारी दी गई, जहां पूर्वांचली मतदाताओं की संख्या अधिक है।

नशा मुक्ति केंद्र से घर लौटे दिल्ली के युवक ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या की

नई दिल्ली। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में मादक पदार्थ की लत के शिकार 25 वर्षीय एक युवक ने झगड़े के बाद कथित तौर पर अपनी मां, दादी, बहन और पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वह कुछ दिन पहले ही नशा मक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से लौटा था। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान केशव के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारी के अनुसार, केशव ने मंगलवार रात झगड़े के बाद अपने पूरे परिवार की कथित तौर पर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि चारों मृतकों के शव अलग-अलग कमरे में मिले और हर तरफ खून फैला हुआ था। अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान आरोपी की दादी दीवाना देवी (75), पिता दिनेश (50), मां दर्शना और बहन उर्वशी (18) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि केशव जब कथित तौर पर एक-एक कर अपने परिवार के सदस्यों को चाकू घोंप रहा था, तब उनकी चीख-पुकार उसी इमारत में रह रहे कुछ रिश्तेदारों और पड़ोसियों को सुनाई दी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) मनोज सी ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े दस बजे के आसपास पुलिस को एक फोन कॉल के जरिये पालम के एक घर की ऊपरी मंजिल पर झगड़े की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस को एक परिवार के चार सदस्य घर के अंदर मृत मिले। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, झगड़े की सूचना देने के लिए थाने में फोन करने वाले व्यक्ति और उसके

रिश्तेदारों ने आरोपी को पकड़ रखा था और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि केशव के पास कोई पक्की नौकरी नहीं थी। वह गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करता था, लेकिन महीने भर पहले उसने यह नौकरी छोड़ दी थी।

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी ने परिजनों से झगड़े के बाद उनकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, घटना के संबंध में पालम पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। केशव के रिश्तेदारों ने कहा कि वे सदमे में हैं और पूरी तरह से टूट गए हैं।

आरोपी को पकड़ने वाले उसके चचेरे भाई कुलदीप ने कहा, ÷मैं मंगलवार रात करीब नौ बजे एक दुकान से घर पहुंचा। जैसे ही मैंने घर में प्रवेश किया, मेरी बहन ने मुझे बताया कि उसने उर्वशी को रोते हुए सुना। जब मैं इस बारे में पूछने के लिए ऊपर गया, तो केशव ने यह कहते हुए मुझे लौटा दिया कि यह परिवार का निजी मामला है।कुलदीप ने बताया, जब मैं मामले को सुलझाने के लिए आस-पड़ोस के कुछ लोगों को इकट्ठा कर रहा था, तो मैंने केशव को नीचे भागते हुए देखा। मैंने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।÷ कुलदीप ने यह भी कहा कि केशव मादक पदार्थ की लत का शिकार था और एक नशा मुक्ति केंद्र में था, जहां से उसकी मां उसे कुछ दिन पहले ही घर लेकर आई थी। कुलदीप के मुताबिक, केशव ने दो नवंबर को इमारत की पहली मंजिल से कथित तौर पर बैटरी चुरा ली थी और कुछ पैसे लेने के मकसद से मंगलवार रात घर लौटा था। उसने बताया कि केशव एटीएम से लूट के एक मामले में कुछ समय के लिए जेल भी गया था। केशव के एक अन्य चचेरे भाई रजनीश ने परिवार की हत्या के लिए उसे मौत की सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी ने परिजनों से झगड़े के बाद उनकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, घटना के संबंध में पालम पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। केशव के रिश्तेदारों ने कहा कि वे सदमे में हैं और पूरी तरह से टूट गए हैं।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड e-निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित कर रहा है।

1	कार्य का नाम एवं स्थान	उत्तर मध्य रेलवे के चिपियाना बुजुर्ग-दादरी के बीच चौथी लाइन के कार्य के प्रावधान के लिए चिपियाना बुजुर्ग के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में परिवर्तन के सम्बंध मे एस एंड टी कार्य।
2	पूरा होने की अवधि	04 महिने (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से)
3	कार्य की अनुमानित लागत	रु. 2.16 करोड ।
4	धरोहर राशि	रु. 2,58,100/- (दो लाख अठावन हज़ार सौ केवल)(केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है)
5	स्थान जहॉ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है।	उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज IREPS की बजे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 25.11.2022 से 16.12.2022 को 11:30 AM तक उप्लब्ध रहेगा।
6	निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय	निविदा फार्म 02.12.2022 से 16.12.2022 को 11:30 AM तक जमा कराये जा सकते है।
7	निविदा खुलने की तारीख एवं समय	ई-निविदा दिनांक 16.12.2022 को 11:30 बजे खोला जाएगा।

संख्या:- 570-सिग-पी.स.-निविदा-120R2 दिनांक:- 23.11.2022 3124/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अपनी बात | *उसे मंत्री पद से हटाने की जगह केजरीवाल उसे जेल के अंदर सारी सुख सुविधा दे रहे है*

केजरीवाल और उनके मंत्रियों के पाप धोते-धोते यमुना मैली हो गई: मीनाक्षी लेखी

नई दिल्ली। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने आज प्रेस वार्ता कर कहा कि जैसे-जैसे जेल के अंदर से सत्येन्द्र जैन की वीडियो सामने आ रहे हैं, वैसे-वैसे लग रहा है कि आपराधिक छवि वाले कैसे राजनीति को बदनाम करते हैं। एक मंत्री जो अपने किए पर जेल में बंद होकर सजा काट रहा है, लेकिन उसे मंत्री पद से हटाने की जगह केजरीवाल उसे जेल के अंदर सारी सुख सुविधा दे रहे है।

भाजपा द्वारा आज एक और वीडियो जारी किया गया जिसमें सत्येन्द्र जैन फल एवं ड्राई फ्रूट खाते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा किसी भी एंगल से नही लग रहा की वह जेल के अंदर बंद कैदी हैं बल्कि ऐसा लग रहा है जैसे मंत्री किसी होटल में ठहरा हो और उसे सेवा दी जा रही

है। कभी मसाज तो कभी नाश्ते में डाइटिशियन द्वारा बताए गए व्यजन, यह किसी भी जेल मैन्यूअल के खिलाफ है। जबकि आम आदमी पार्टी के नेता खुद को 'आम आदमी' मानते हैं लेकिन हरकते बिल्कुल ही अलग है।

लेखी ने कहा कि यह वही आम आदमी पार्टी है जो पॉलटिक्स और राजनेताओं को अलग-अलग नाम देती रहती थी लेकिन आज वही आम आदमी पार्टी नियम, कानून और संवैधानिक परिस्थितियों का ना सिर्फ मजाक बना रही है बल्कि जेल को रीजोर्ट समझ रखा है, जहां हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के कथनी और करनी बिल्कुल एक दूसरे के विपरीत है।लेखी ने कहा कि आज दिल्ली की यमुना केजरीवाल और उनके मंत्रियों के पाप धोते-धोते मैली हो गई है और केजरीवाल जो दूसरे राज्यों में जाकर अपनी झूठी तारीफ कर रहे हैं, लेकिन जिस दिल्ली ने उन्हें पहचान दी उन्हें सरकार में बैठाया, उसे वह भ्रष्टाचार का अड्डा मानते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों के लिए क्या किया है, इसके बारे में खुद दिल्लीवाले नहीं जानते लेकिन दूसरे राज्यों में वे इसका झूठा प्रचार कर रहे हैं।

विशेष संपादकीय

ईरान में हिजाब पर जन-आक्रोश, भारत को भी सबक लेने की जरूरत

ईरान में हिजाब के मामले ने जबर्दस्त तूल पकड़ लिया है। पिछले दो माह में 400 लोग मारे गए हैं, जिनमें 58 बच्चे भी हैं। ईरान के गांव-गांव और शहर-शहर में आजकल वैसे ही हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे कि अब से लगभग 50 साल पहले शंहशाहे-ईरान के खिलाफ होते थे। इसके कारण तो कई हैं लेकिन यह मामला इसलिए भड़क उठा है कि 16 सितंबर को एक मासा अमीनी नामक युवती की जेल में मौत हो गई। उसे कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया था और जेल में उसकी बुरी तरह से पिटाई हुई थी। उसका दोष सिर्फ इतना था कि उसने हिजाब नहीं पहन रखा था। हिजाब नहीं पहनने के कारण पहले भी कई ईरानी स्त्रियों को बेइज्जती और सजा भुगतनी पड़ी है। कई युवतियों ने तो टीवी चैनलों पर माफी मांग कर अपनी जान बचाई है। यह जन-आक्रोश तीव्रतर रूप धारण करता जा रहा है। अब लोग न तो आयतुल्लाहों के फरमानों को मान रहे हैं और न ही राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के धमकियों की परवाह कर रहे हैं। ईरानी फौज के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी ने पिछले दिनों एक बयान में कहा है कि यह जन-आक्रोश स्वाभाविक नहीं है। ईरान की जनता पक्की इस्लामी है। वह हिजाब को बेहद जरुरी मानती है लेकिन अमेरिका, सउदी अरब, यू.ए.ई. और इस्राइल जैसे ईरान-विरोधी देशों ने ईरानी जनता को भड़का दिया है। लेकिन असलियत तो यह है कि ईरान में इस्लामी राज्य शुद्ध डंडे के जोर पर

चल रहा है। 80 प्रतिशत से भी ज्यादा जनता वहाँ हिजाब के विरुद्ध है। पिछले 50-55 साल में मुझे ईरान में कई बार रहकर पढ़ने और पढ़ाने का मौका मिला है।

शहंशाह के ज़माने में ईरान की महिलाएं अपनी वेशभूषा और व्यवहार में यूरोपीय महिलाओं से भी अधिक आधुनिक लगती थीं लेकिन ईरान के दर्जनों गांवों में मैं तब भी हिजाब, नकाब और बुर्काधारी महिलाओं को जरुर देखता था। जब से आयतुल्लाह खुमैनी का शासन (1979) ईरान में आया है, ईरानी महिलाओं का दम घुट रहा है। पहले भी दो बार इस तथाकथित इस्लामी शासन के खिलाफ बगावत का माहौल बना था लेकिन अमीनी का यह मामला इतना तूल पकड़ लेगा, इसका किसी को अंदाज भी नहीं था। कल-परसों तो फुटबाल के विश्व कप टुर्नामेंट में ईरान की टीम ने अपने राष्ट्रगीत को गाने से भी मना कर दिया था। ईरानी लोग अपनी इस टीम को राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक मानते हैं। हिजाब के विरोध ने आर्थिक कठिनाइयों में फंसे ईरान के कोढ़ में खाज का काम किया है। इस्लामपरस्त लोग भी खुले-आम कह रहे हैं कि कुरान शरीफ में कहीं भी हिजाब को औरतों के लिए अनिवार्य नहीं बताया गया है। भारत में चाहे हिजाब के लिए हमारी कुछ मुस्लिम बहनें काफी शोर मचा रही हैं लेकिन यूरोप के कई देशों ने तो उस पर प्रतिबंध लगा दिया है। **श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो**

शादी के नाम पर बिकती लड़कियां

सीटू तिवारी

शादी के नाम पर पहले बेची गई और फिर कुछ महीनों बाद ही पति के हाथों ही जिस्मफरोशी के दलदल में धकेल दी गई 26 साल की राधा (बदला हुआ नाम) को अपनी 9 साल की बच्ची के जैविक पिता के बारे में नहीं मालूम. अररिया (बिहार का एक अति पिछड़ा जिला) से तकरीबन 1200 किलोमीटर दूर आगरा के एक नामालूम कोठे पर चंद रूपए की लालच में उसके पति मुकेश शर्मा ने ही बेचा था. मुकेश उत्तर प्रदेश का रहने वाला था. उसने पहले राधा को शादी के नाम पर खरीदा और फिर कोठे पर बेच दिया. खेत मजदूर पार्वती देवी की मंझली बेटी राधा बताती है, ÷जब मैं आठवीं में पढ़ती थी, उसी समय पिता की मृत्यु हो गई थी. एक दिन पांच लोग गाड़ी से हमारे घर आए और बगल वाले मंदिर में मेरी शादी हो गई. उसी रात वो मुझे अपने साथ ले गए. शादी के 6 महीना तक ठीक से रखा, लेकिन फिर मारपीट का सिलसिला शुरू हो गया और फिर एक दिन उसने मुझे आगरा के किसी कोठे पर बेच दिया

राधा यहां एक साल तक रही. इसके बाद वो एक चाय बनाने वाली किसी बूढ़ी दादी की मदद से भाग कर मां के पास अररिया आ गई. वह बताती है, ÷घर का पता पूछते पूछते और भीख मांग कर किसी तरह मां के घर आ गई. यहां आने पर पता चला कि मैं दो महीने की प्रेग्नेंट हूं. वह कहती है कि मैंने अपनी बच्ची को पेट में मारा नहीं. अब मैं एक छोटे से दुकान से कुछ कमाई करके अपनी बच्ची को पढ़ाती हूं. लेकिन मेरे भाई भाभी मुझे पीटते हैं और घर छोड़कर जाने को कहते हैं.÷ खुद को मोहल्ले के 'शोहदों' से बचाने के लिए सिंदूर लगाने वाली राधा अब 40 वर्ष की हो चुकी है.

राधा के साथ जो गुजरा, उसे अकादमिक भाषा में 'ब्राइड ट्रैफिकिंग' कहते हैं, जबकि स्थानीय लोग इसे 'दलाल वाली शादी' कहते हैं. ब्राइड ट्रैफिकिंग यानी शादी के नाम पर तस्करी. भारत के उत्तर पूर्व राज्य बिहार में ब्राइड ट्रैफिकिंग यानी झूठी शादी के मामले आम हैं. खासतौर पर पश्चिम बंगाल से सटे सीमांचल के ज़िलों यानी किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे किस्से आम हैं. जहां लगभग हर साल बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते गरीबी का कभी ना टूटने वाला दुष्चक्र लोगों की जिंदगी में रचा बसा है. नीति आयोग की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट कहती है कि बिहार की 51.91फीसदी यानी आधी से ज्यादा आबादी मल्टी पावर्टी इंडेक्स (एमपीआई) की जद में है. यह देश में सबसे अधिक है. वहीं बिहार

इकोनामिक सर्वे 2021-22 में राज्य के अंदर जो विषमताएं हैं उसके मुताबिक सीमांचल के अररिया और किशनगंज ज़िलों की हालत सबसे बदतर है. इस गरीबी से उभरने की ज्यादातर 'असफल' कोशिश में मां-बाप अपनी बेटियों को कुछ हजार रुपये लेकर शादी के नाम पर बेच देते हैं. कभी ये सौदा पांच हजार का तो कभी तीस चालीस हजार तक भी पहुंच जाता है.

बीते दो दशक से %भूमिका विहार% नाम की संस्था इस इलाके में ब्राइड ट्रैफिकिंग को रोकने की दिशा में काम कर रही है. इस संबंध में संस्था की प्रमुख शिल्पी सिंह बताती हैं कि, ÷ऐसे मामलों में अधिकतर जान पहचान या करीबी रिश्तेदार ही दलाली करते हैं. ऐसे लोग अपने इलाके में आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों पर नजर रखते हैं और परिवार के मुश्किल में आने पर ये लोग बच्चियों के माता- पिता या किसी रिश्तेदार को पैसे का लालच देकर दूसरे राज्य के किसी पुरुष से शादी करा देते हैं. लड़कियों के माता पिता को कुछ हजार रकम देकर चोरी छिपे शादी की रस्म अदायगी होती है.÷ इन शादियों का कोई सार्वजनिक उत्सव नहीं होता है. ज्यादातर मां बाप या रिश्तेदार भी इस बात को नहीं जानते कि उनकी बेटी की शादी कहां हो रही है?साल 2016-17 में संस्था ने अररिया और कटिहार में दस हजार परिवारों के सर्वे में 142 मामले ऐसे पाए थे. इसमें सबसे ज्यादा शादियां उत्तर प्रदेश में और फिर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब में हुई थी. इन शादियों में कुछ खुशकिस्मत लड़कियां भागकर वापस अपने मायके आ गईं तो कुछ पर 'लापता' का ठप्पा लग जाता है. 35 साल की श्यामा (बदला हुआ नाम) उन्हीं खुशकिस्मत लड़कियों की श्रेणी में आती है. वो अपने तीन बच्चों को लेकर मायके वापस भाग आई है.लेकिन उसकी इस 'खुशकिस्मती' में भी बहुत मुश्किल और थका देने वाली जिंदगी शामिल है.

उसे रोज़ सुबह 7 बजे से ही खेत पर मजदूरी करने पहुंचना होता है.खेतों में थका देने वाली मजदूरी के बाद शाम ढलते ढलते उसका ठिकाना अपने गांव का चौक बाजार होता है, जहां वह सब्जी बेचती है. इसी के सहारे वह अपने बच्चों को पाल रही है. श्यामा को पंजाब में मजदूरी करने गए उसके सगे भाईयों सुरेन्द्र और वीरेन्द्र ने ही बीस हजार रुपए में बेच दिया था. श्यामा बताती है, ÷मेरे भाई शादी में नहीं आए थे. मां के सामने कुछ लोग शादी करके पंजाब ले गए. पति ने मुझे एक घर में रखा और कुछ दिनों बाद ही दूसरे मर्दों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा. मैं इससे इंकार करती तो दारू पीकर पीटता था. तीन साल किसी तरह जीवन गुज़ारा और फिर वहां से बच्चों को लेकर भाग आई. रेल में बेटिकट होने पर पुलिस ने पकड़ा भी था. लेकिन हैवान पति के पास रहने से जेल अच्छा था.÷

राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो साल 2021 में बिहार में मानव तस्करी के 111 मामले दर्ज हुए जो 2020 में 75 थे. वही राष्ट्रीय स्तर पर 2021 में 2,189 मामले दर्ज हुए थे जो 2020 में 1714 थे. उत्तर प्रदेश जहां बिहार से ब्राइड टैफिकिंग व्यापक पैमाने पर हो रही है, उसके बाल संरक्षण आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी कहती हैं, ÷जब कभी ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चे पकड़े जाते हैं तो उसमें बिहार के बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा होती है. शिक्षा, शादी आदि के नाम पर ये लाए जाते हैं. लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर भी झूठी शादी वाले कई मामले पकड़े गए हैं.÷ लेकिन मानव तस्करी की यह स्याह तस्वीर आंकड़ों में दर्ज क्यों नहीं हो रही है? इसका जवाब अररिया के रामपुर कोदरकट्टी पंचायत की मुखिया पम्मी सिंह देती हैं. वह कहती हैं,÷ये लोग इतने गरीब हैं कि इनकी पहली चिंता पेट की आग बुझाना है. कोर्ट थाने के चक्कर कौन लगाएगा? बाकी पुलिस वाले पूछताछ के लिए घर पर आएंगे तो बदनामी का भी डर रहेगा.÷

25 साल की जमुना (बदला हुआ नाम) भी थाने नहीं जाना चाहती है. उसकी मां रूखिया देवी उसे शादी के नाम पर बेचने पर बात नहीं करना चाहती है. लेकिन जमुना साफ साफ बताती है कि, ÷मुझे 8,000 में बेचा था पंजाब में. मेरा दूल्हा हमको सबके साथ संबंध बनाने को कहता था. हम भाग आए लेकिन थाने जाएंगे तो अपने मां-बाप का नाम भी आएगा. फिर अपना खाना पीना देखें या थाना.÷ इस संबंध में अररिया के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह कहते हैं, ÷ऐसे मामले पुलिस के संज्ञान में नहीं आते हैं.शादी की नियत से अपहरण या इसी तरह के मामले जरूर आते हैं जिस पर कानून सम्मत कार्रवाई भी होती है. लेकिन दूसरे राज्यों से दूल्हे के मामले नहीं आते हैं.÷ साफ है कि ऐसे मामलों में कोई प्रभावी कानूनी शिकंजा नहीं है. वहीं दूसरी ओर ऐसा लगता है कि इस अपराध को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है. इसका उदाहरण साल 2014 में एक बड़े राष्ट्रीय पार्टी की हरियाणा इकाई के नेता का वह विवादित बयान है, जिसमें उन्होंने कहा था, ÷हरियाणा में अगर उनकी पार्टी चुनाव जीतती है तो राज्य के नौजवानों की शादी के लिए बिहार से लड़कियां लाई जाएंगीअररिया से गुजरने वाली एनएच 27 के किनारे अपने छोटे-छोटे घरों में बसी राधा, श्यामा, जमुना जैसी लड़कियों की एक बड़ी तादाद मौजूद है.इन्होंने अपने इस नरकीय जीवन को ही अपनी किस्मत मान लिया है. लेकिन क्या वह सभी अपनी जिंदगी से कुछ चाहती हैं? क्या अपने बच्चों के लिए कुछ उम्मीदें रखती हैं? जवाब में तीन बच्चों की मां श्यामा न तो रोजगार, न स्वास्थ्य और ना ही शिक्षा की बात करती है. बल्कि ठंडी सांस भर कर शून्य में ताकती सिर्फ इतना कहती है, ÷मेरी बेटी की शादी कहीं नजदीक में ही हो जाए. मैं किसी भीख मांगने वाले आदमी से उसकी शादी करा सकती हूं, लेकिन दूसरे देस (देश) में शादी नहीं करूंगी.÷ शायद उसके इस दर्द को सरकार और अधिकारी समझने में असफल हैं क्योंकि अगर ऐसा होता तो अब तक 'ब्राइड ट्रैफिकिंग' के मामलों को सख्ती से रोकने के लिए धरातल पर असर नज़र आ चुका होता. **(यह आलेख संजॉय घोष मीडिया अवॉर्ड 2022 के अंतर्गत लिखा गया है.)श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हैवानियत की सारी हदें पार करता इंसान

निर्मल रानी

क्रूरता की जब कभी बात होती है तो लोग जानवरों जैसे व्यवहार की मिसाल देते हैं। परन्तु इंसान जैसे बुद्धिमान समझे जाने वाली प्राणी के हवाले से कुछ ऐसी घटनायें सामने आने लगी हैं गोया अब इंसानों की क्रूरतम कारगुज़ारी के लिये पशुओं जैसी क्रूरता या हैवानियत की बात करने जैसी उपमायें भी छोटी मालूम होने लगी हैं। क्योंकि किसी पशु या उसके द्वारा की जा रही हैवानियत की मिसाल देना इसलिये भी बेमानी है क्योंकि किसी पशु द्वारा अपने स्वभावानुसार पशुता दिखाना या किसी जानवर द्वारा अपना पाशविक स्वभाव या पशुवृत्ति दर्शाना उसकी मनोवृति में शामिल है। वे किसी नियम क़ानून के अधीन नहीं आते बल्कि उनका सम्पूर्ण आचरण वैसा ही होता है जैसा प्रकृति ने उन्हें बख़्शा है। परन्तु इंसान को तो प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ प्राणी माना जाता है। अपनी बुद्धि के सदुपयोग से यही अशरफ़-उल-मख़लूक़ात आज चाँद और मंगल के रास्ते नाप रहा है। इस संसार में समाज के ग़रीब व पिछड़े लोगों की सहायता के लिये अनेक बड़े से बड़े संगठन बनाकर मानव ने अपने कोमल ह्रदयी होने का सुबूत दिया है। पूरा विश्व समाज किसी न किसी रूप में एक दूसरे पर निर्भर है। गोया इसी मानवीय सदबुद्धि, विश्वास और सहयोग की बदौलत ही दुनिया आगे बढ़ रही है। परन्तु इसी मानव समाज में ऐसी क्रूरतम प्रवृति के लोग भी पाये जाने लगे हैं जिनके आगे पशुओं की पशुता और राक्षसों का राक्षसीपन भी फीका पड़ जाये। मनुष्य द्वारा मनुष्य की ही हत्या किये जाने की घटनायें तो प्राचीन काल से होती आ रही हैं। सत्य-असत्य की लड़ाई के नाम पर, युद्ध और धर्म युद्ध के नाम पर, आन-बान-शान के लिये, ज़र-जोरू और ज़मीन की ख़ातिर, ऊंच-नीच, धर्म -जाति आदि को लेकर मानव समाज एक दूसरे के ख़ून का हमेशा से ही प्यासा रहा है। परन्तु आज के दौर में जबकि तथाकथित धर्म का बोलबाला है, प्रवचन कर्ताओं की पूरी फ़ौज दिन रात समाज को ज्ञान और नैतिकता का पाठ पढ़ाती रहती है। धार्मिक समागमों में भीड़ पहले से कई गुना बढ़ती जा रही है। देश में एक से बढ़कर एक लोकप्रिय प्रेरक, लोगों को जीने की कला और सफल जीवन जीने के गुण सिखाते रहते हैं। दूसरी और इंसान है कि अपने आचरण, कृत्यों व सोच विचारों के लिहाज़ से बद से भी बदतर होता जा रहा है। बलात्कार, मासूम बच्चियों से बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, और इन सब के साथ ऐसी वहशियाना हरकतें करना कि पीड़िता तड़प तड़प कर जान दे दे? ऐसे कुकृत्य और ज़ुल्म तो जानवरों को भी करते नहीं देखा गया? इंसानों को ज़िंदा जला देना, किसी व्यक्ति को वाहन में बाँध कर उसे सड़कों पर घसीट कर मार डालना इतनी बेरहमी आख़िर कोई इंसान कैसे कर सकता है?और अब तो इन्सान, इंसान को मारकर उसकी लाशों के टुकड़े करने में भी पीछे नहीं रहा। राजधानी दिल्ली में एक व्यक्ति ने लिव-इन रिलेशन शिप में रह रही अपनी एक महिला मित्र की न केवल हत्या करदी बल्कि उसके शरीर को 35 टुकड़ों में काट कर उन अंगों को 18 दिनों तक हत्यारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में नालों व तालाबों में फेंकता रहा। दिल्ली का ही तंदूर काण्ड तो देश कभी भूल ही नहीं सकता जबकि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मार कर उसकी लाश के टुकड़े कर उन्हें तंदूर में जला दिया था। कोई बाप ने अपनी ही जवान बेटी की गोली मार कर हत्या कर उसकी लाश बड़ी बेरहमी से एक सूटकेस में ठूंस कर यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे लाश से भरा सूटकेस फेंक गया। बंगाल में एक नेवी अधिकारी को उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर पहले तो जान से मारा फिर बाथरूम में उसकी लाश रखकर आरी से उसके शरीर के छः टुकड़े किये और उन्हें इलाक़े के विभिन्न हिस्सों में फेंक दिया। पति पत्नी और लिव इन रिलेशन शिप में होने वाली हत्याओं का तो सीधा अर्थ है भरोसे और विश्वास की हत्या। पिता-पुत्र-मां-बहन-भाई-बहनोई-साले आदि संबंधों के मध्य होने वाली हत्याओं का अर्थ है रिश्तों का क़त्ल।**श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो**

औकात-सेवक और विश्वसनीयता

सनत जैन

गुजरात विधानसभा के चुनाव का प्रचार अंतिम चरण में है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना, मेरी कोई औकात नहीं, मैं जनता का सेवक हूं, गुजरात का नमक देश के 80 फीसदी लोग खाते हैं, कुछ लोग राज्य का नमक खाकर भी गुजरात को गाली देते हैं। ऐसा कहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव अभियान को नई धार देते हुए, एक बार फिर गुजरात के मतदाताओं से लगाव पैदा करने और विपक्षी दलों को मात देने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विभिन्न रैलियों और चुनावी भाषण में कांग्रेस पर हमला करते हुए, पिछले चुनाव के दौरान भावात्मक रूप से मतदाताओं को जोड़ने के लिए, नीच आदमी, मौत का सौदागर, नाली का कीड़ा जैसे शब्दों का उपयोग कर एक बार फिर मतदाताओं का विश्वास जीतने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित रूप से गोधरा कांड के बाद नरेंद्र मोदी की छवि एक हिंदू नेता के रूप में बनी थी। हिंदुत्व के नाम पर उन्होंने गुजरात और देश के एकमात्र नेता बनकर, मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री पद का लंबा सफर तय किया है। गुजरात में 2002 के बाद से राष्ट्रीय स्वयेंवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और गौ रक्षक के साथ-साथ हिंदुत्व के सबसे बड़े नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखा जाता था। गुजरात में विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल की कोई भी गतिविधियां 2014 तक शून्यवत हो गई थी। अकेले मोदी ही थे, जिनके नाम पर पूरा गुजरात एक स्वर में वही बोलता था, जो मोदी जी चाहते थे। 2013-14 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे बड़े हिंदू आइकॉन, गुजरात मॉडल और विकास पुरुष के नाम पर जो छवि जनता के बीच में बनाई गई थी। वह 2018-19 तक विश्वसनीयता के साथ आम जनता के बीच में बनी हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आर्थिक एवं राजनीतिक समीकरण बने हैं। भारतीय जनता पार्टी का संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेपथ्य में चला गया है। सत्ता और संगठन के समीकरण केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इर्द-गिर्द बने हुए हैं। पिछले 2 वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक विषमता के कारण एक विकास पुरुष के रूप में जो छवि प्रधानमंत्री मोदी की बनी हुई थी उसमें कहीं ना कहीं अविश्वास पैदा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरीके से भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार के पीछे पैदल चलते हुए दिखाई पड़ते हैं। पिछले वर्ष वो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बॉडी लैंग्वेज और उनके राजनीतिक, प्रशासनिक एवं संगठन के निर्णयों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्णय ही सर्वोपरि होता है। कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने औकात शब्द का जो इस्तेमाल किया था। वह सरदार पटेल स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी के नाम पर करने, तथा गुजरात निर्माण का श्रेय नरेंद्र मोदी के नाम पर करने की जो कोशिश हो रही थी। उसको लेकर उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का उल्लेख करते हुए, औकात शब्द का उपयोग किया था। पिछले 27 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का शासन गुजरात में है। 2014 का लोकसभा चुनाव गुजरात मॉडल पर सारे देश में लड़ा गया था। जिस गुजरात मॉडल की तस्वीर दिखाई गई थी। उस तस्वीर के विपरीत 27 सालों के शासन के बाद बाद गुजरात वर्तमान में दिख रहा है।**श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो**

पांच लाख करोड़ डालर की भारतीय अर्थव्यवस्था ग्रामीण विकास के सहारे

प्रहलाद सबनानी

आज विश्व के लगभग सभी विकसित एवं विकासशील देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। इन समस्त अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर एक चमकते सितारे के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार तेज गति से हो रहे सुधार के चलते आज भारत का नाम पूरे विश्व में बड़े ही आदर और विश्वास के साथ लिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक फण्ड एवं विश्व बैंक जैसी वित्तीय संस्थाएं भी भारतीय अर्थव्यवस्था में अपनी अपार श्रद्धा जता चुकी हैं। इन वित्तीय संस्थानों का कहना है कि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास बहुत ही मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 6 विकास सूचक उच्च मानक वाले माने जाते हैं। इन विकास सूचकों में शामिल हैं-ट्रैक्टर एवं दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि, उर्वरकों की बिक्री में वृद्धि, कृषि क्षेत्र में बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऋणराशि में वृद्धि, मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार की मांग में वृद्धि, कृषि और कृषि आधारित उत्पादों के निर्यात में वृद्धि और चावल एवं गेहूं का भंडारण करने की स्थिति (बफर मानक पर आधारित)। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहिले 6 माह के दौरान उक्त समस्त उच्च मानकों में वृद्धि दर बहुत अधिक रही है। जनवरी से सितम्बर 2022 की अवधि के दौरान 5.16 लाख ट्रैक्टर भारत में बेचे गए हैं। सितम्बर 2022 माह में ही कुल 53, 310 ट्रैक्टर भारत में बिके हैं। इस मानक के अनुसार भारत के ग्रामीण इलाकों में खुशहाली आ रही है। इसी प्रकार, अप्रेल से सितम्बर 2022 की अवधि के दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथा इसी अवधि के दौरान प्रसंस्कृत फलों और सब्ज़ियों के निर्यात में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। चालू वित्त वर्ष के पहिले छह माह में कृषि क्षेत्र में कुल निर्यात 1377.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कुल कृषि निर्यात का लक्ष्य 2356 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्धारित किया गया है। इसी अवधि में दलहन के निर्यात में सबसे अधिक 144 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उक्त वर्णित समस्त मानकों के अंतर्गत भारत के ग्रामीण इलाकों में तेज गति से हो रही वृद्धि दर को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार भारत की 74 प्रतिशत आबादी गावों में निवास करती थी और गावों की आबादी का दो तिहाई हिस्सा सीधे ही कृषि कार्यों से जुड़ा था। भारत के कृषि क्षेत्र में होने वाले कुल कार्य में से 96 प्रतिशत कार्य ग्रामीण इलाकों में ही होता है। भारत के विभिन्न राज्यों में आज भी 60 से 80 प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए सीधे ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। हालांकि हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले नागरिकों के लिए कृषि के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों जैसे सेवा एवं विनिर्माण के क्षेत्रों में भी रोजगार के बहुत अवसर निर्मित होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे किसानों में 72 प्रतिशत किसान सीमांत किसानों की श्रेणी में आते हैं। इस वर्ग के लिए कृषि क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इस कार्य में सफलता भी मिलती दिखाई दे रही है।

आज भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में, हो रही समस्त गतिविधियों में से लगभग 40 से 50 प्रतिशत गतिविधियां ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही हैं एवं सेवा क्षेत्र में हो रही कुल गतिविधियों में से लगभग 30 प्रतिशत गतिविधियां ग्रामीण इलाकों में चल रही हैं। ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों के लिए स्वयं सहायता समूह भी विकसित किए गए हैं और रोजगार के अधिकतम नए अवसर अब गैर कृषि आधारित क्षेत्रों में निर्मित हो रहे हैं।भारत में शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के बीच अब डिजिटल विभाजन भी बहुत कम हो गया है। भारत के ग्रामीण इलाकों में भी अब इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों को बहुत आसानी हो रही है और वे अपने कॉल सेंटर ग्रामीण इलाकों में स्थापित करने लगे हैं क्योंकि एक तो भारत का 70 प्रतिशत वर्क फोर्स ग्रामीण इलाकों में उपलब्ध है, दूसरे ग्रामीण इलाकों में कॉल सेंटर स्थापित करना तुलनात्मक रूप से कम खर्चीला रहता है और इससे इन संस्थानों की लाभप्रदता बढ़ जाती है। एपेडा द्वारा जारी की गई एक जानकारी के अनुसार भारत से इस वर्ष अभी तक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं का निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा है। ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक अब केवल खेती करके फसल ही नहीं उगा रहे हैं बल्कि कृषि पदार्थों को प्रसंस्कृत कर खाद्य पदार्थों के रूप में भी बेच रहे हैं। पहिले ग्रामीण इलाकों से कृषकों को अपनी फसल बेचने के लिए गांव से शहर तक आने में 6 से 7 घंटे लग जाते थे अब केवल 20 से 25 मिनट में ही अपने गांव से शहर तक पहुंच जाते हैं क्योंकि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 70 प्रतिशत से अधिक गावों को शहरों से पक्के रोड के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। देश में 6 लाख से अधिक गांव हैं। इसका लाभ सीधे सीधे ही किसानों को मिला है और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के लिए सेवा क्षेत्र का योगदान 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का होगा, उद्योग क्षेत्र का योगदान एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का होगा एवं शेष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान कृषि क्षेत्र से आएगा। भारत की राष्ट्रीय आय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की 46 प्रतिशत की भागीदारी है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगातार बढ़ रहा है। आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान बढ़कर 20 प्रतिशत से अधिक हो गया है जबकि अभी भी गावों में निवासरत कुल आबादी का दो तिहाई हिस्सा कृषि कार्यों से जुड़ा है। इसी प्रकार हाल ही के समय में भारत में ग्रामीण पर्यटन भी तेज गति से बढ़ रहा है क्योंकि भारत के शहरों में पर्यावरण की स्थिति दिनोंदिन बहुत बिगड़ती जा रही है एवं भारत के ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त हरियाली के चलते साफ हवा उपलब्ध है। इसलिए ऑक्सिजन ग्रहण करने के उद्देश्य से कई भारतीय अब ग्रामों की ओर रूख कर रहे हैं। विशेष रूप से जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, ओडिसा एवं केरला जैसे प्रदेशों में ग्रामीण पर्यटन तेजी से प्रगति कर रहा है। भारत में सांस्कृतिक पर्यटन विकसित करने की भी अच्छी सम्भावनाएं मौजूद हैं, अतः इस क्षेत्र में भी केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस क्षेत्र में नीति आयोग भी अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। भारत में आज ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों की आय में लगातार अच्छी वृद्धि दृष्टिगोचर है।

'नो टेरर' का 'टेरर' कब परिभाषित होगा ?

विनोद कुमार सर्वोदय-

यह अत्यंत सुखद है कि दिल्ली में वैश्विक आतंकवाद को नियन्त्रित करने के लिए विश्व के लगभग 70 देशों का ÷नो मनी फॉर टेरर÷ पर दो दिवसीय सम्मेलन हुआ है। कुछ समय पूर्व दिल्ली में ही संयुक्त राष्ट्र संघ की आतंकवाद निरोधी समिति एवं इंटरपोल का भी एक महत्वपूर्ण सम्मेलन हुआ था। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि जब से केंद्र में भाजपानीत शासन मोदी जी के नेतृत्व में सक्रिय हुआ है तभी से भारतीय शासन निरन्तर वैश्विक जिहाद से जुझ रहे राष्ट्रों को एकजुट करके आतंकवाद (टेरर) पर अंकुश लगाने के लिए निरन्तर सक्रिय है। हमारे प्रधानमंत्री जी वर्षो से सतत् यह साहसिक प्रयास कर रहे हैं कि यदि भारत सहित विश्व को आतंकवाद से मुक्त कराना है तो उसके लिए विश्व को इसके विरुद्ध संगठित करना ही होगा।इसी संदर्भ में उन्होंने अनेक अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर स्वयं भाग लेकर अपने ठोस विचारों से विभिन्न पीड़ित देशों के शासकों को अवगत कराया और करा भी रहे हैं। हमें यह गर्व करना चाहिए कि अमेरीका, रूस, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन एवं इजराइल आदि देश वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध सकरात्मक नीतियां बनाने के लिये भरसक प्रयास कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में हमारे प्रतिनिधियों ने भी अनेक अवसरों पर आतंकवाद की विभीषिका पर अपने-अपने आक्रमक विचारों से आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान सहित सभी देशों को चेताया है।हमारे प्रधानमंत्री जी ने पिछले 7-8 वर्षो से अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर यह भी प्रयास किया हैं कि ÷आतंकवाद÷ को परिभाषित किया जाय। उनका स्पष्ट मत है कि जब तक ÷आतंकवाद÷ का स्वरुप व उद्देश्य समझ में नहीं आएगा तो फिर हज़ारों लाखों मासूमों व निर्दोषों पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों से मानवता की रक्षा कैसे हो पायेगी? यह भी विचार करना चाहिये कि महान् विद्वान व चार बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे विलियम ग्लैडस्टोन (जीवनकाल- 1809-1898) ने ब्रिटिश पार्लियामेंट में इस्लामिक धर्म ग्रंथों के संदर्भ में उल्लेख किया था कि जब तक धार्मिक ग्रन्थ में अन्य सभ्यताओं और संस्कृति के प्रति घृणित बातें रहेगी तब तक दुनिया में शान्ति नहीं होने वाली है।**श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो**

संक्षेप खबर

पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस का आयोजन

कासगंज(श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)। सोरो इस्ति पुलिस लाइन मे शक्ति व निष्ठा के प्रतीक लाल व नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है।इस पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कासगंज द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को न्यायपूर्ण, कर्तव्यनिष्ठ एवम व्यवहारिक पोलिसिंग की शपथ दिलाई गई।बुधवार को पुलिस लाइन कासगंज में पुलिस झंडा दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर कासगंज पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के गरिमामयी इतिहास का वर्णन किया गया । उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है जिसे उसके अप्रतिम योगदानों के फलस्वरूप 23 नवम्बर 1952 को भारत के प्रथम प्रधान मंत्री जी द्वारा ध्वज प्रदान किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कासगंज द्वारा डीजीपी उत्तर प्रदेश पुलिस देवेंद्र सिंह चौहान के संदेशों को पढ़कर सुनाया गया साथ ही पुलिसकर्मियों को न्यायपूर्ण, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं व्यवहारिक पुलिसिंग की शपथ दिलाई गई। इस दौरान समस्त पुलिसकर्मियों को सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी राजू निषाद, प्रतिसार निरीक्षक कासगंज रविन्द्र मालिक सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

प्रधानाध्यापक मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

पटियाली/कासगंज(श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)। विकासखंड पटियाली के परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी श्री शशिकांत की अध्यक्षता में श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पटियाली में बुधवार को आयोजित की जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत जी ने आगामी आने वाली चुनौतियों,डीबीटी एवं दिव्यांग बच्चों के संबंध में जानकारी दी तथा कहा कि पटियाली ब्लॉक में एक भी बच्चा डीबीटी में पेंडिंग नहीं दिखाई देना चाहिए सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन बहुत ही अच्छी तरह से करने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक की है अपने सहयोगी सहायक अध्यापकों के साथ बैठक कर बच्चों के साथ बेहतर पठन-पाठन करते हुए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य समय से ही पूरे करने है,डी0सी0 बीरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएमसी खाते से भुगतान किस तरह किया जाए इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुछ भुगतान आप अपने स्तर पर ही कर सकते हैं जहाँ बिल बाउचर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होती है। बैठक का संचालन श्री चन्द्र देव दीक्षित ए0आर0पी0 द्वारा किया गया,इस बैठक में समस्त एआरपी शिक्षक साथियों सत्येन्द्र सिंह एवं चन्द्र देव दीक्षित का महत्वपूर्ण सहयोग रहा इस बैठक में राम सेवक,सुखबीर सिंह चौहान,सूर्यकांत,अमित कुमार,प्रदीप यादव,रतन प्रकाश,मुकेश कुमार,उदयवीर सिंह,मनोज यादव,राजेश श्रीवास्तव,रीतेश शर्मा,संत भूपेन्द्र गौतम,राजेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय अधेड़ की मौत

कासगंज(श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)। पटियाली कस्बा के फाटक के समीप 45 वर्षीय अधेड़ की ट्रेन में चपेट में आने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जनपद फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के पोखरा गांव के निवासी दशरथ सिंह पुत्र मेहराम सिंह अपनी साइकिल से खाद की बोरी लेकर पटियाली से अपने गांव जा रहे थे तभी कासगंज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में उनकी मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कस्बा बिलराम में किया कार्यकर्ता सम्मेलन

कासगंज(श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)। क़स्बा बिलराम मे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नें सम्मेलन किया। जिसमे मुख्य अतिथि कुमारी आरती भट्ट रही, वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत मौजूद रहे कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का फूल माला पहनाकर स्वागत कर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी संतोष कुमार राजपूत ने किया। कुमारी आरती भट्ट ने अपने संबोधन में दूरदराज से आए हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और 2022 में होने वाले नगर निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी से समर्थित प्रत्याशियों को भारी जीत दिलाने का आह्वान किया वहीं संतोष कुमार राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि जो दिल्ली और पंजाब की जनता को मूलभूत सुविधाएं आम आदमी पार्टी की सरकार के द्वारा मिल रही हैं उन्होंने कहा अगर उत्तर प्रदेश में भी जनता के सहयोग से हमारे प्रत्याशी विजई होते हैं तो दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जनमानस को मूलभूत सुविधाएं घर घर एवं बिना किसी भेदभाव के दिलाई जाएंगी कार्यकर्ता सम्मेलन को जिला अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत,प्रियंका शर्मा, मुकेश शर्मा, दौलतराम माहोर नगर अध्यक्ष ने संबोधित किया कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मुख्य रूप से नगर निकाय चुनाव बिलराम प्रभारी आसिफ अब्बासी ,नगर पालिका परिषद कासगंज से आवेदक प्रत्याशी ठाकुर चंद्रवीर सिंह सोलंकी , निर्मल सिंह पप्पू मुस्ताक अहमद, बाबू सिंह, जितेंद्र कुमार, कुवर पाल, धर्मेंद्र माहोर, ओंकार सिंह, राहुल कुमार, टीटू कुमार, नाथूराम, धर्मेंद्र कुमार, महिपाल, राजवीर सिंह, प्रेमपाल यादव, राम खिलाड़ी सहित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं कस्बा बिलराम से गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति की कार्यकारणी गठित

कासगंज(श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)। सोरों माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति की बैठक तीर्थनगरी के आदर्श मेहता संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में आहूत की गई जिसमें समिति के जनपद की कार्यकारणी के गठन एवं सदस्यता हेतु विचार विमर्श किया गया, बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने समिति की सदस्यता ग्रहण की, बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक हेमेंद्र कुमार शर्मा, अध्यक्ष लायक सिंह, उपाध्यक्ष दिव्यांशु गौतम, मंत्री राहुल वशिष्ठ, उपमंत्री अशोक कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, मीडिया प्रभारी जय कुमार जैन, सदस्य लोकेंद्र देव आर्य, संगठन मंत्री वीरेंद्र कुमार शर्मा चुने गए, बैठक की अध्यक्षता चुनाव अधिकारी लोकेंद्र देव आर्य ने की, नव निर्वाचित संरक्षक हेमेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि माध्यमिक संस्कृत शिक्षकों की समस्याएं व संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों को भरने का मुद्दा शीघ्र शासन के समक्ष समिति रखेगी ,

अमांपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में गूंजा चालीसा



अमांपुर/कासगंज(श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)। कस्बा के इन्द्रानगर स्थित श्रीराधा कृष्ण मदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों व धर्म प्रेमियों के द्वारा भव्य हनुमान चालीसा का पाठ धूमधाम से किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोगों ने हनुमान चालीस का पाठ व आरती में हिस्सा लिया। बजरंगबली की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। सैकड़ो कार्यकताओं के द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ का बहुत ही सुंदर वर्णन किया गया। जय श्रीराम के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विभाग प्रचारक चंदन जी, नगर संघचालक राकेश पाराशर, जिला शारिरिक प्रमुख आदित्य नंदन, विभाग गौ सेवा प्रमुख जागन सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री संजय सोलंकी, मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, नगर कार्यवाह गौरव गुप्ता, सह नगर कार्यवाह अनुज अग्रवाल, नगर व्यवस्था प्रमुख विजय प्रकाश गुप्ता, नगर सद्भाव संयोजक धीरज गुप्ता सर्राफ, नगर प्रचारक राहुल कुमार, खंड गौ सेवा प्रमुख विनोद सोलंकी, खंड शारीरिक प्रमुख विजय सोलंकी, नगर विधार्थी प्रमुख अनंत यदुवंशी, रोचक चौहान, दीपक गुप्ता चेयरमैन, रामखिलाडी उपाध्याय, मनोज गुप्ता, आकाश गुप्ता सर्राफ, सोनू गुप्ता, कृष्णा आर्य, चेतन, पुष्पेंद्र कुमार, उत्कर्ष कुमार, सुनीता गुप्ता।

फर्जी कम्पनी बनाकर लोन देने के नाम पर गरीबों व भोलेभाले लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

कासगंज। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

थाना सोरों क्षेत्र के बिजली घर सोरों के सामने नैनी फाईनेंस कम्पनी के नाम से फर्जी कार्यालय खोलकर करीब 120 लोगों से 2,000 - 2,000 हजार रूपये ठगी कर करीब 2,50,000 रूपये हडपने की घटना कारित की गई थी । जिस पर नूर आलम पुत्र गट्टू निवासी थाना सहावर ने खुद के साथ हुई धोखा धडी के सम्बन्ध में थाना सोरों पर तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर थाना सोरों पर दिनांक 18.11.2022 को मु0अ0सं0 498/22 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि बनाम अनिल सक्सेना पुत्र रामविहारी लाल निवासी मोहल्ला बदरिया थाना सोरों, विजेन्द्र पुत्र नामालूम निवासी मध्यप्रदेश, आकाश पुत्र नामालूम निवासी मुरादाबाद के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था ।

कासगंज पुलिस अधीक्षक बी0बी0जी0टी0एस0 मूर्ति द्वारा इस घटना को गम्भीरता से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज जितेन्द्र कुमार दुबे के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर अजीत चौहान के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस की टीम गठित की गई । गठित टीम द्वारा किये गये निरन्तर प्रयासों के क्रम में मुकदमा में अभियुक्त अनिल सक्सेना पुत्र रामविहारी लाल निवासी मोहल्ला बदरिया थाना सोरों को दिनांक 19.11.2022 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । बुधवार को इस घटना मे संलिप्त अभियुक्त आकाश उर्फ राहुल वर्मा पुत्र हरिशंकर वर्मा निवासी ग्राम शाहबुद्दीनपुर थाना गोला जिला लखीमपुर खीरी को मुखबिर की सूचना पर समय करीब 10.45 बजे पॉलीटेक्नीक कालेज सोरो के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। फर्जी कम्पनी चलाने वाले गैंग का गैंग लीडर नीरज उर्फ मोटा पुत्र नामालूम निवासी बरेली अपने अन्य साथियो वीरेन्द्र उर्फ सचिन सिंह उर्फ नीलू सर पुत्र किशन सिंह निवासी फतेहगंज पश्चिमी थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली, बिजेन्द्र उर्फ उत्तम वर्मा पुत्र अवधेश कुमार निवासी पीरपुर थाना मोहली जनपद सीतापुर, अनिल सक्सेना पुत्र रामविहारी लाल निवासी मोहल्ला बदरिया थाना सोरों के साथ मिलकर अपना फर्जी नाम बताकर कमजोर वर्ग की महिलाओं व पुरूषों को रोजगार के लिये लोन दिलाने के नाम पर फर्जी नामों से कम्पनियां बनाते है। एक स्थान पर अधिक से अधिक 15 दिन रूकते थे, तथा लोन दिलाने के नाम पर अलग अलग जनपदों में कही पर 1988 रूपये की किश्त व कही पर 1975 रूपये की किश्त गरीब लोगों से वसूल करने के बाद वहां से भाग जाते है अभी तक की जानकारी के मुताबिक यह समूह विभिन्न जनपद जैसे कि लखनऊ गोसाई गंज, सफीपुर उन्नाव, रामपुर, मुरादाबाद बिलारी, संभल, बहजोई, बिसौली बदायूँ अल्लापुर आदि जनपदो में आदि फर्जी नामों पर आफिस खोलकर गरीब लोगों से ठगी कर चुके है ।

मेला मार्गशीर्ष की तैयारियों में आई तेजी, खेल तमाशे वालों ने डाले डेरे तंबू

कासगंज। सोरों तीर्थनगरी में 30 नवम्बर से शुरू हो रहे मेला मार्गशीर्ष की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया, 19 नवम्बर को मेले का ठेका भारत कंस्ट्रक्शन को मिलने के बाद ठेकेदार द्वारा मेले में दुकान लगाने आये व्यापारियों को जमीन नाप तौल कर दी जा रही है आज बड़ी संख्या में ट्रक मेटाडोरों में सामान लेकर ऊंचे झूले, मौत का कुआं, टॉयज ट्रैन आदि खेल तमाशे वाले अपने सामान लेकर पहुंचे, क्रेनों द्वारा झूले लगाने का काम चल रहा था, पत्थर के चाक, सिल बटना बनाने वाले भी अपने डेरे तंबू डालकर मेला ग्राउंड में बैठ गए हैं, हस्तशिल्प वाले भी अपने हाथ की कारीगरी से बनाई गई कम्बल, कालीन, दरी, गलीचे एवं लकड़ी से बनाये गये गृहोपयोगी सामान लेकर मेले में दुकान के लिए जगह लेने पहुंचे हैं, खाजला, नारंगी, फ़ास्ट फ़ूड के स्टॉल लगाने वालों, बिसातखाने, चमड़े का सामान, खेल का सामान, धार्मिक मनोरंजक पुस्तके, गर्म कपडे की दुकान लगाने वाले भी आज ठेकेदार से किराए पर जमीन के रेट के लिए भाव करते नजर आए, ठेकेदार भी ठेका महंगा लेने की विवशता दिखा रहे थे, ठेका उठने के बाद पालिका प्रशासन ने मेला ग्राउंड, हरि की पौड़ी परिक्रमा मार्ग की सफाई का कार्य तेज कर दिया वहीं घाटों व मन्दिरों की बुर्जों की रंगाई पुताई भी रफ्तार पकड़ गई, मेला आयोजन 30 नवम्बर से 17 दिसम्बर तक चलेगा, इस दौरान हरि की पौड़ी में 3 दिसम्बर को मार्गशीर्ष एकादशी का स्नान पर्व, 4 दिसम्बर को मार्गशीर्ष द्वादशी स्नान पर्व, 5 दिसम्बर मार्गशीर्ष त्रयोदशी को नागा साधु संत सामूहिक शाही स्नान, 8 दिसंबर मार्गशीर्ष पूर्णिमा को अंतिम स्नान पर्व होगा।

जिलाधिकारी ने ब्लाक सिढ़पुरा की ग्राम पंचायत भुजपुरा में जनचौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

विद्यालय व माइनर का किया निरीक्षण

सिढ़पुरा चिकित्सालय में स्वास्थ्य एटीएम का किया उद्घाटन

कासगंज- जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील पटियाली के विकास खण्ड क्षेत्र सिढ़पुरा की ग्राम पंचायत भुजपुरा के ग्राम सचिवालय परिसर में जनचौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्यायें सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिये। गांव के प्राथमिक विद्यालय तथा सिढ़पुरा माइनर का स्थलीय निरीक्षण किया। तत्पश्चात सिढ़पुरा चिकित्सालय में स्वास्थ्य एटीएम का उद्घाटन किया। जनचौपाल परिसर में स्वास्थ्य विभाग, प्रोबेशन विभाग, विद्युत, समाज कल्याण व अन्य विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर ग्रामवासियों को योजनाओं की जानकारियां दी गईं। ग्राम पंचायत में अधिकांश कार्य संतोषजनक मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि इसे आदर्श ग्राम पंचायत बनाया जाये।

जिलाधिकारी ने जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर गांव में हुये विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा योजनाओं के क्रियान्वयन व लाभार्थियों का मौके पर सत्यापन भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अन्त्योदय कार्डधारक अपने आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक और एएनएम के प्रायः न मिलने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने एमओआईसी सिढ़पुरा तथा क्षेत्रीय एएनएम को सख्त चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये। सिढ़पुरा माइनर बम्बा में सिल्ट सफाई ढंग से न होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया और अधिशाषी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि टीम को भेजकर जांच कराकर रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न की जाये पंचकोसीय परिक्रमा

कासगंज। मेला मार्गशीर्ष की पंचकोसीय परिक्रमा की व्यवस्थाओं के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी सचिन तथा अपर जिलाधिकारी ए0के0 श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। 04 दिसम्बर को पंचकोसीय परिक्रमा आयोजित की जानी है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रतिभाग करेंगे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस 15 कि0मी0 के परिक्रमा मार्ग को सुदृढ़ कर परिक्रमा को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाये। परिक्रमा करने वाले समस्त श्रद्धालु सोरों स्टेडियम में एकत्रित होंगे। वहीं से परिक्रमा प्रातः 9:30 बजे प्रारंभ होनी है।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पार्किंग की अच्छी व्यवस्था की जाये, जिससे वाहनों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई समस्या न हो। परिक्रमा में प्रतिभाग करने वाले संत गणों एवं श्रद्धालुओं के लिये स्टेडियम में स्टेज, पेयजल, माइक, मोबाइल शौचालय सहित समस्त व्यवस्थायें की जायें। परिक्रमा मार्ग में कहीं रास्ता खराब है तो उसे तत्काल ठीक करा दिया जाये। परिक्रमा की दृष्टि से बड़े वाहनों का रूट डायवर्जन भी किया जाये। परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। मार्ग पर चूना आदि डलवाया जाये। परिक्रमा मार्ग पर डस्टबिन भी रखे जायें। परिक्रमा के दौरान एम्बूलेंस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये। मेला मार्गशीर्ष में विद्युत लाइन के नीचे दुकानें न लगाई जायें।

बैठक में एसडीएम कासगंज, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी तथा मेला समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

वी के जैन कॉलेज आफ एजुकेशन, कासगंज द्वारा जूडो चैंपियनशिप आयोजित की गई

कासगंज। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ की अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन वी के जैन कॉलेज आफ एजुकेशन, कासगंज द्वारा 23 नवंबर को महाविद्यालय प्रांगण में किया गया।

प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग विभिन्न वजन में आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में 60 किलोग्राम, 66 किलोग्राम, 74 किलोग्राम, 81 किलोग्राम, 90 किलोग्राम, 100 किलोग्राम, 100+ किलोग्राम एवं महिला वर्ग में 48 किलोग्राम, 52 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 63 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 78 किलोग्राम, 78+ किलोग्राम में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप गुप्ता ने किया। प्राचार्य डॉ प्रदीप गुप्ता ने बाहर से आए सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल की प्रतियोगिताओं के माध्यम से सौहार्द बना रहता है। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के जैन कॉलेज आफ एजुकेशन, कासगंज के प्रबंधक विनय कुमार जैन ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया । प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि वीके जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रबंधक श्री विनय जैन ने खिलाड़ियों का खेल देखकर उनकी तारीफ करते हुए कहा कि हमें आशा है कि यह खिलाड़ी ओलंपिक खेल तक खेलेंगे एवं अपने महाविद्यालय, कासगंज, उत्तर प्रदेश एवं भारतवर्ष का नाम रोशन करेंगे। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ से नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ प्रवीण सिंह जादौन, चयनकर्ता डॉक्टर भावना टिमल और आसिफ कलीम को नियुक्त किया गया । प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका पंकज कुमार, शिवांगी पांडे,यश अग्रवाल रहे। समापन समारोह के दौरान प्रतीक यादव, सुनील गौतम, मोहम्मद अरशद, सोनू मिश्रा, इंद्रपाल फौजी, गौरव अग्रवाल एवं डॉ आर के मिश्रा उपस्थित रहे।

उपस्थित रहे।

परिणाम इस प्रकार रहे-

पुरुष-

60 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- प्रिंस- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

द्वितीय- सनी यादव- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

तृतीय- शिवम शर्मा एवं सुभाष- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

66 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम - सुनील कुमार -के ए पीजी कॉलेज कासगंज

द्वितीय -सुरजीत कुमार- -के ए पीजी कॉलेज कासगंज

तृतीय- बलजीत सिंह- आरजे कॉलेज, अलीगढ़

एवं अमित पुंढीर- के ए पीजी कॉलेज कासगंज

74 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम-अभय यादव- चौधरी राम प्रकाश यादव कॉलेज, सोरों, कासगंज

द्वितीय-प्रशांत आरजे कॉलेज, अलीगढ़

तृतीय- विकास यादव एवं रूपेश कुमार- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

81 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- प्रियांशु- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

द्वितीय- संकल्प सिंह चौहान- के ए पीजी कॉलेज कासगंज

तृतीय- दिव्यांशु एवं नवनीत के ए पीजी कॉलेज कासगंज

90 किलोग्राम वजन

प्रथम- गुरप्रीत सिंह- श्री शिवदान सिंह कॉलेज इगलास

द्वितीय- मुनेंद्र सिंह के ए पीजी कॉलेज कासगंज

100 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- रचित शर्मा- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

द्वितीय- शिवांशु के ए पी जी कॉलेज कासगंज

तृतीय- दिव्यांश- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

100 किलोग्राम से ऊपर वजन वर्ग

प्रथम-तुषार गुप्ता- के ए पीजी कॉलेज कासगंजद्वितीय- नितेश राठौर के ए पीजी कॉलेज कासगंज

तृतीय- नितिन कुमार सिंह- के पीजी कॉलेज कासगंज

महिला-

48 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- मीनू धनगर- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

द्वितीय- शीतल पुंढीर- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

तृतीय- प्रज्ञा एवं चंद्रप्रभा- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

52 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम - सुरभि पांडे- एस के कॉलेज एटा

द्वितीय - शालिनी- श्रीमती शारदा जौहरी नगरपालिका गर्ल्स डिग्री कॉलेज कासगंज

तृतीय- ज्योति पाटिल - श्रीमती शारदा जौहरी नगरपालिका गर्ल्स डिग्री कॉलेज कासगंज

एवं कामना के ए पीजी कॉलेज कासगंज

57 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- ज्योति- श्रीमती शारदा जौहरी नगरपालिका गर्ल्स डिग्री कॉलेज कासगंज

द्वितीय- दीक्षा शर्मा- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

तृतीय-उपासना यादव- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

शिवानी के ए पीजी कॉलेज कासगंज

63 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- मनु गुप्ता- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

द्वितीय- श्रुति मिश्रा- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

तृतीय- वैष्णवी जाधव- के पीजी कॉलेज कासगंज

70 किलोग्राम वजन

प्रथम-तनु- श्रीमती शारदा जोहरी नगरपालिका गर्ल्स डिग्री कॉलेज कासगंज

द्वितीय- रितु राघव- के ए पीजी कॉलेज कासगंज

तृतीय- रिचा चौहान- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

78 किलोग्राम वजन वर्ग

प्रथम- दिशा- के ए पी जी कॉलेज कासगंज

हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य इकाइयों पर मनेगा निक्षय दिवस

प्रदेश में 5.5 लाख टीबी मरीजों की अधिसूचना का लक्ष्य

15 तारीख को अवकाश होने पर अगले दिन मनेगा दिवस

कासगंज। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अब निर्णय लिया गया है कि टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। किसी भी महीने में 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया है। इसके माध्यम से उन्होंने अवगत कराया है कि टीबी एक प्रमुख सामाजिक समस्या है । भारत विश्व के 20 फीसद रोगियों के साथ सबसे अधिक टीबी ग्रसित व्यक्तियों का देश है। प्रदेश में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5.5 लाख अधिसूचना का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा तय किया गया है । इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर सामूहिक प्रयास की जरूरत है। सेंट्रल टीबी डिविजन के निर्देशों के अनुक्रम में क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में हर माह की 15 तारीख को सभी जनपद एवं ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

निक्षय दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता सम्बन्धी फिल्म भी प्रसारित की जाएगी। निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाने का कार्य करेंगी । कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) द्वारा मरीजों की प्रारम्भिक जांच (उपलब्धता के आधार पर) एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चित की जायेगी । इसके अलावा बलगम का नमूना लिया जायेगा और उसे निक्षय पोर्टल पर प्रिजमिटिव आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा । निक्षय दिवस पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम जांच सुनिश्चित की जायेगी। सीएचओ और आशा द्वारा निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा । सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे। आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी। इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इन बिन्दुओं पर होगा खास ध्यान

? निक्षय दिवस पर स्वास्थ्य इकाई पर आने वाले संभावित टीबी मरीजों की सूची के अनुसार उनकी जांच करायी जाएगी, एचआईवी-डायबिटीज की भी जाँच होगी

? स्वास्थ्य इकाइयों पर सम्भावित मरीजों के बैठने की खुली जगह हो और इकाई के बाहर खुले स्थान पर बलगम के नमूने लेने के लिए कफ कार्नर बनाये जाएँ

क्षय रोगियों के लिए हर जरूरी दवाएं मुफ्त उपलब्ध हों

स्वास्थ्य इकाई पर टीबी की जाँच, उपचार के बारे में परामर्श की व्यवस्था की जाए

जनपद स्तर पर सीएमओ की अध्यक्षता में हर माह की 16 तारीख को मासिक बैठक कर निक्षय दिवस के समस्त कार्यों की समीक्षा हो और समस्त प्रकरणों का निस्तारण किया जाए और अगले दिन उस बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया जाए

संभावित क्षय रोगियों की पहचान के लिए प्रमुख लक्षण =

दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी होना

दो सप्ताह या अधिक समय से बुखार आना

वजन में कमी आना/ भूख न लगना

संक्षेप खबर

डीएम ने बेटी के हाथ पीले करने के लिए बेसहारा की 11,000 से की मदद



अलीगढ़, (ब्यूरो)। जिलाधिकारी बुधवार को जनसुनवाई के दौरान पला साहिबाबाद क्षेत्र के निकट कबीर नगर के रहने वाले भगवान दास अपनी व्यथा लेकर डीएम के पास पहुँचे। उन्होंने बताया की उनकी बेटी की 8 दिसम्बर को शादी है। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। उनका बेटा भी बहन की शादी का निमंत्रण कार्ड रिश्तेदारों और परिचितों को देने गया था। रास्ते में उसका एक्सीडेंट हो गया जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गयी। भगवान दास ने बताया कि उनका बेटा घर में इकलौता कमाने वाला था, बहन की शादी की जिम्मेदारी भी उसकी ही थी। उसके जाने के बाद कमाई का कोई साधन नहीं रहा। बेटे का गम और बेटी की शादी की जिम्मेदारी का बोझ लेकर आए एक पिता की व्यथा को गंभीरता से समझते हुए जिलाधिकारी ने उनको तत्काल लोकवाणी मद से 11 हजार रूपये से मदद करने के साथ उनको सांत्वना दी। मदद मिलने के बाद भगवान दास ने जिलाधिकारी का धन्यवाद दिया।

एएमयू में एशियाई पुस्तकालयों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मौलाना आजाद पुस्तकालय के तत्वाधान में एशियन लाइब्रेरी एसोसिएशन और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहयोग से 'सूचना, ज्ञान और अनुसंधानः पुस्तकालयों की बदलती भूमिका' विषय पर मानव संसाधन विकास केंद्र में 24 नवंबर से 26 नवंबर तक एशियाई पुस्तकालयों के छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएएल-2022) का आयोजन किया जा रहा है। एएमयू लाइब्रेरियन व आयोजन सचिव प्रोफेसर निशात फातिमा ने कहा कि एएमयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर तारिक मंसूर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में डॉ गयास मखदुमी (सम्मेलन निदेशक और पूर्व लाइब्रेरियन, जामिया मिलिया इस्लामिया), डॉ संजीव कुमार (महासचिव, एशियाला) और डॉ सुशांत के सेनापति (उपाध्यक्ष, एशियाला) भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 200 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

प्रो. अबदुल अलीम एएमयू के नए डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर नियुक्त

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर अब्दुल अलीम को अमुवि का डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) नियुक्त किया गया है।

वरिष्ठ शिक्षक, प्रोफेसर अलीम विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं और वह हिन्दी विभाग के अध्यक्ष रहने के अलावा अकादमिक परिषद (2016-2018), स्कूल निदेशालय की कार्यकारी समिति (2017-2019) और विश्वविद्यालय कोर्ट (2018-2019) के सदस्य भी रह चुके हैं। उन्होंने दूरस्थ शिक्षा केंद्र के काउंसलर (1996-2010), प्रो-प्रॉक्टर और डिप्टी प्रॉक्टर के रूप में भी काम किया है। प्रो अलीम ने सहकर्मी समीक्षित पत्रिकाओं में कई पेपर प्रकाशित किए हैं और कई पत्रिकाओं और साहित्यिक प्रकाशनों के संपादकीय बोर्ड के सदस्य रहे हैं। उनकी पुस्तक, 'नज़ीर अकबराबादी और उनकी विचारधारा' को हिंदी विभाग, एएमयू में एम ए (अंतिम वर्ष) पाठ्यक्रम के शिक्षण के लिए तथा हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, एमपी और वनस्थली विश्वविद्यालय, राजस्थान में शिक्षण के लिए प्रस्तावित किया जा चुका है।

एएमयू छात्र मंसूर को जियोलॉग इंटरनेशनल के साथ काम करने का मिला अवसर

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूगर्भविज्ञान विभाग के छात्र मंसूर आलम अंसारी को जिओलॉग इंटरनेशनल, कुवैत के साथ काम करने के लिए फील्ड इंजीनियर के रूप में चयनित किया गया है। भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर फराहिम खान ने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन से मंसूर को यह सफलता प्राप्त हुई है।

अलीगढ़ में टूटा पुल, पास में खड़ा डंफर धंसा

जीटी रोड पर चल रहा है नाले की खुदाई का काम, दिन में हो सकता था बड़ा हादसा

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ में सूत मिल चौराहे पर मंगलवार रात बड़ा हादसा होने से बच गया। चौराहे पर नाले का पुल अचानक से टूट कर धंस गया और पुल के पास में खड़ा डंफर इसमें पलट गया। अचानक पुल टूटने और डंफर पलटने से वहां भगदड़ मच गई।

राहत इस बात की रही कि रात का समय होने के कारण चौराहे पर वाहनों का आवागमन काफी कम था। वहीं डंफर खाली था और इसके अंदर कोई चालक या परिचालक नहीं था। अचानक पुल टूटने की सूचना मिलने पर आलाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गई।

पुल चौड़ा करने के लिए हो रही है खुदाई : सूत मिल चौराहे पर दिल्ली रोड पर नाले के पुल को चौड़ा करने का काम चल रहा है। जिसके चलते यहां दोनों तरफ से नाला बंद करके खुदाई की जा रही है। जीटी रोड होने के कारण यहां पूरे दिन वाहनों का आवागमन लगा रहता है।

ऐसे में काम को तेजी से निपटाने के लिए रात में भी काम किया जा रहा है। मंगलवार देर रात जब मजदूर काम कर रहे थे तो यह पुल अचानक से धंस गया। जिससे न सिर्फ दोनों ओर का मार्ग बंद हो गया, बल्कि आवागमन भी बाधित हो गया।

दिन में हो सकता था बड़ा हादसा

बुलंदशहर-दिल्ली की ओर आने-जाने वाले सभी वाहन जीटी रोड होकर इसी पुल से गुजरते हैं। दिन में यहां वाहनों का तांता लगा रहता है और रोडवेज बसों से लेकर ट्रक और हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं। ऐसे में राहत इस बात की रही कि यह हादसा रात में हुआ। अगर पुल दिन में टूटता तो बड़ी संख्या में जान माल का नुकसान हो सकता था।

बिजली विभाग ने नहीं ली खुदाई की अनुमति : सूत मिल चौराहे पर पिछले कई दिनों से लगातार काम चल रहा है। लेकिन ठेकेदारों और पुल चौड़ा करने वाले विभाग ने बिजली विभाग से कोई एनओसी या अनुमति नहीं ली है। यह हाल तब है, जब पुल के नीचे से 33000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन जा रही है। पुल टूटने पर जब लोगों की नजर हाईटेंशन लाइन पर पड़ी तब इसका खुलासा हुआ। ऐसे में अगर खुदाई के दौरान कोई इस लाइन की चपेट में आया तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

लखनऊ नगर निगम से आए अपर नगर आयुक्त ने संभाला कार्यभार

अलीगढ़, (ब्यूरो)। नगर निगम अलीगढ़ में पिछले दिनों से खाली चल रहे अपर नगर आयुक्त के पद पर शासन द्वारा लखनऊ नगर निगम में तैनात अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव का अलीगढ़ स्थानांतरण पिछले दिनों किया गया था। बुधवार को राकेश कुमार यादव ने अलीगढ़ नगर निगम में नगर आयुक्त के समक्ष अपर नगर आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।



राकेश कुमार यादव से हुई वार्ता में उन्होंने बताया इससे पूर्व लखनऊ नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे उससे पूर्व बनारस नगर निगम और कानपुर विकास प्राधिकरण में भी सेवाएं दे चुके हैं मूल रूप से उन्नाव जनपद के निवासी हैं।

उन्होंने बताया नगर आयुक्त द्वारा अलीगढ़ में जनमानस के सहयोग से सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए चलाई गई उनकी मुहिम में कदम से कदम मिलाकर चलने का पूरा प्रयास किया जाएगा साथ ही साथ नगर निगम की जन सुविधाओं को जनमानस की आकांक्षाओं और सहयोग के बल पर जन जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

डेंगू के मरीजों की ऑनलाइन देनी होगी जानकारी : सीएमओ

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ में डेंगू लगातार बेकाबू होता जा रहा है। जिले में लगातार मरीज मिल रहे हैं, जिसके कारण प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में लगातार हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में अब डेंगू पर लगातार नजर रखी जा रही है।

शासन के निर्देशानुसार निजी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अब डेंगू की रिपोर्ट हर दिन ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करेंगे। ऐसा इसलिए जिससे कि निजी अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों पर भी लगातार नजर रखी जा सके और उन्हें बेहतर इलाज मुहैय्या हो सके।

सीएमओ डॉ नीरज त्यागी ने बताया कि डेंगू रिपोर्ट पाज़िटिव आने पर निजी अस्पतालों को आईएचआईपी (इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलांस प्रोग्राम) पोर्टल पर मरीजों की डिटेल अपलोड करनी होगी। इसके साथ डेंगू के मरीज या डेंगू का संदिग्ध मरीज जांच पाज़िटिव आने पर पुष्टि के लिए एलाइजा कराना होगा।

एलाइजा टेस्ट के लिए मरीजों के सैंपल मलखान सिंह जिला अस्पताल में भेजे जाएंगे, जिससे कि उनका एलाइजा टेस्ट करके डेंगू की सही रिपोर्ट पता की जा सके। निजी अस्पतालों को हर दिन यह काम करना होगा। इसमें मरीज का नाम, पता, मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां देना आवश्यक होगा।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अगर मरीज डेंगू पॉजिटिव होता है तो इसकी सूचना विभाग को देना अनिवार्य है। जिससे मरीज के बेहतर इलाज के साथ ही समय रहते उस एरिया में सर्वे कर लार्वा को नष्ट किया जा सके।

सके साथ ही निजी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों के लिए डेंगू वार्ड अलग से होना चाहिए। इसके साथ सभी बेडों पर नेट (मच्छरदानी) लगी होनी चाहिए। समय-समय पर इसकी जांच भी की जाएगी, और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी। अगर डेंगू नहीं मिलता है तो हर दिन इसकी रिपोर्ट निल करनी होगी।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल को दी गई विदाई

अलीगढ़, (पंकज धीरज)। मण्डलायुक्त गौरव दयाल का अलीगढ़ मण्डल से अयोध्या मण्डल स्थानान्तरण होने के फलस्वरूप कमिश्नरी सभागार में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नरी समेत अन्य मण्डलीय अधिकारियों द्वारा उनको प्रतीक चिन्ह, बुके भेंटकर, शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि दो वर्ष के लम्बे कार्यकाल में आप सभी ने भरपूर साथ दिया। कदम से कदम मिलाकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के लिये टीम वर्क के तौर पर कार्य किया, इसके लिये वह सभी के आभारी हैं। वन संरक्षक अदिति शर्मा ने मण्डलायुक्त को भविष्य की प्रशासनिक सेवाओं के लिये शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन में मण्डल में जो विकास कार्य हुए हैं वह सराहनीय हैं।

संयुक्त विकास आयुक्त सर्वेश चन्द्र यादव ने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मण्डलायुक्त कुशल प्रशासनिक क्षमता के धनी हैं, आपका फोकस सदैव अनुश्रवण पर रहा। कार्य किस तरह किया जाता है, इसका उन्होंने सभी के लिये उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। पूरन चन्द्र खाद्य आयुक्त ने कहा कि स्थानान्तरण एक शासकीय प्रक्रिया है, मण्डलायुक्त की कार्यशैली ने बहुत प्रभावित किया।

वहीं, नरेश यादव सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा, बार एसोशिएशन से उदयवीर सिंह यादव, अतुल कुमार मिश्रा, बार एसोशिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र पचौरी ने अपने विचार व्यक्त किए।विदाई समारोह में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डीपी पाल समेत अन्य मण्डलीय अधिकारियों ने उनको भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक बधाई दी।

मानव उपकार संस्था ने भी दी विदाई

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ मंडलायुक्त गौरव दयाल के अयोध्या स्थानांतरण हो जाने पर मानव उपकार संस्था के चेयरमैन पंकज धीरज, अध्यक्ष विष्णु कुमार बंटी, विष्णु पीतल आदि ने उनके आवास पर शुभकामनाओं के साथ पुष्प गुच्छ भेंट किया। साथ ही उनके कार्यकाल को यादगार बताया। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने मानव उपकार संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए संस्था को अनुकरणीय बताया।

गंदगी करने वालो पर होगी कार्रवाई : नगर आयुक्त

अलीगढ़, (ब्यूरो)। नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत अलीगढ़ नगर आयुक्त अमित आसेरी ने बुधवार सुबह तस्वीर महल जेल रोड आवास विकास कॉलोनी मसूदाबाद बस स्टैंड जीटी रोड कामाख्या मंदिर नगला मसानी कल्याण नगर सराय काबा तुर्कमान गेट के साथ साथ गत रात्रि सारसौल चौराहे पर गिरे डंपर वाहन को देखते हुए निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सारसौल चौराहे पर हो रहे निर्माण कार्य स्थल पर सुरक्षा को देखते हुए सावधनी संकेतक लगवाए।



नगर आयुक्त ने बताया गत रात में हुई घटना फ़ौरन एक्शन लेते हुए कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग अलीगढ़ को कारण स्पष्ट करने के लिए स्पष्टीकरण तलब किया है। नगर आयुक्त ने किन कारणों से स्ट्रक्चर एक साथ नीचे गिर गई एवं ठेकेदार द्वारा क्रमबद्ध तरीके से कार्य क्यों नहीं किया गया एवं कार्य को अधिक मानव शक्ति एवं अन्य शमशीनरी लगाते हुए समय अवधि के अंतर्गत पूरा करने के निर्देश फिये गए है।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त से कामाख्या मंदिर रोड कल्याण नगर में सफ़ाई व नालियों के भरे होने की शिकायत राहगीर ने की मौके पर नगर आयुक्त राहगीर को लेकर स्थल पर पहुंचे और तत्काल नगर स्वास्थ्य अधिकारी को क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने और गंदगी करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

खैर रोड पर निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद और सहायक नगर आयुक्त पूजा श्रीवास्तव को संयुक्त रूप से अपने अपने जीवन में गंदगी करने वाले दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अभियान चलाकर चालान करने के निर्देश दिए।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन पर एएमयू में होगा आयोजन

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ 'महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाएगी।

कुलपति प्रो तारिक मंसूर उद्घाटन दिवस पर अध्यक्षीय भाषण देंगे, इसके बाद विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज (प्रो वाइस चांसलर) का विशेष संबोधन होगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर मोहम्मद सज्जाद (इतिहास विभाग), प्रोफेसर नईमा खातून (प्रिंसिपल, वीमेन्स कॉलेज), प्रो जफर अहमद खान (कानूनी अध्ययन और अनुसंधान के लिए डॉ अंबेडकर चेयर, कानून विभाग) और प्रोफेसर संगीता सिंघल द्वारा महत्वपूर्ण व्याख्यान और वार्ता होगी। 16 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में संवेदीकरण कार्यशालाएं, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर/स्लोगन/लघु फिल्म प्रतियोगिताएं, पैनल चर्चा और अन्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे।

प्रभु का नाम लेने से ही जीव मात्र का कल्याण निश्चित है

अलीगढ, (ब्यूरो)। श्री वार्ष्णेय मंदिर ,अलीगढ़ में पूज्य वैष्णवाचार्य धीरज बावरा जी महाराज के श्री मुख से श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा निरंतर चल रही है ।



भगवान श्री श्यामा श्याम जी (युगल सरकार) की अनन्य भक्त गोलोक वासी शांति देवी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव से श्री मद भागवत कथा का श्रवण किया। पूज्य वैष्णवाचार्य धीरज बाबरा जी महाराज ने जड़ भरत चरित्र, भक्त अजामिल एवम भक्त प्रहलाद चरित्र का बहुत ही भावपूर्ण रूप से वर्णन किया।

कथा व्यास जी ने कहा कि आसक्ति ही बंधन का कारण बनती है और बार बार संसार के आवागमन में फंसाती है, मृग आसक्ति के कारण कैसे भरत जी को मृग बनना पड़ा हम सब जानते ही हैं। अजामिल प्रसंग सुनाते हुए यह संदेश दिया गया कि भगवान का नाम हर प्रकार से लाभ देने वाला है, जिस प्रकार से गर्म कोयले पर पैर पड़ने से वह जला देता है चाहे पैर अनजाने में रखा गया हो , ठीक उसी प्रकार से भगवान का स्वभाव जीव मात्र का कल्याण करना है चाहे नाम जान कर लिया जाय या अनजाने में और जब भावना ऐसी प्रबल हो जाए कि प्रत्येक प्राणी मात्र में भगवान का दर्शन होने लगे तो श्रीमन्नारायण स्वयं नरसिंह रूप में प्रकट होकर अपने भक्त की रक्षा करते है ।

भागवत कथा में मुख्य रूप से मुख्य आयोजक लाला बद्री प्रसाद गुप्त, राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप वाले, अंजू गुप्ता, विनोद गुप्ता, मेघा गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, पंडित ओम प्रकाश शर्मा, राजेंद्र कातिब, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, चिन्मय गुप्ता, रुचि गुप्ता, नेहा गुप्ता, गीता वर्मा, अनमोल, अनंत, पंडित मनोज मिश्र, गिरीश वार्ष्णेय, बंटी विशाल जैसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित

हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य इकाइयों पर मनेगा निक्षय दिवस

जनपद में 15000 हजार टीबी मरीजों की अधिसूचना का लक्ष्य

अलीगढ़, (ब्यूरो)। देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अब निर्णय लिया गया है कि टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। किसी भी महीने में 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया है। इसके माध्यम से उन्होंने अवगत कराया है कि टीबी एक प्रमुख सामाजिक समस्या है । भारत विश्व के 20 फीसद रोगियों के साथ सबसे अधिक टीबी ग्रसित व्यक्तियों का देश है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने बताया कि जनपद में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 15000 हजार अधिसूचना का लक्ष्य सरकार द्वारा तय किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही जनपद की स्वास्थ्य इकाइयों पर सामूहिक प्रयास की जरूरत है। सेंट्रल टीबी डिविजन के निर्देशों के अनुक्रम

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इमरान सिद्दीकी ने बताया कि निक्षय दिवस पर स्वास्थ्य इकाई पर आने वाले संभावित टीबी मरीजों की सूची के अनुसार उनकी जांच करायी जाएगी, एचआईवी-डायबिटीज की भी जाँच होगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर सम्भावित मरीजों के बैठने की खुली जगह हो और इकाई के बाहर खुले स्थान पर बलगम के नमूने लेने के लिए कफ कार्नर बनाये जाए।

में क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में हर माह की 15 तारीख को सभी जनपद एवं ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

निक्षय दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता सम्बन्धी फिल्म भी प्रसारित की जाएगी। निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाने का कार्य करेंगी । कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) द्वारा मरीजों की प्रारम्भिक जांच (उपलब्धता के आधार पर) एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चित की जायेगी । इसके अलावा बलगम का नमूना लिया जायेगा और उसे निक्षय पोर्टल पर प्रिजमिटिव आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा । निक्षय दिवस पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम जांच सुनिश्चित की जायेगी।

सीएचओ और आशा द्वारा निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा ।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनुपम भास्कर ने बताया कि सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे। आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी। इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अलग-अलग हादसों में दो की मौत

युवक की 9 महीने पहले हुई थी शादी, चारा मशीन में दुपट्टा फंसने से महिला की मौत

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ़ के थाना पिसावा इलाके के गांव सबलपुर के युवक की मंगलवार को दिल्ली में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। उसकी 9 महीने पहले शादी हुई थी। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है।

जानकारी के मुताबिक, पिसावा थाना इलाके के गांव सवलपुर का रहने वाले प्रदीप शर्मा का 23 वर्षीय बेटा ओमहरि शर्मा दिल्ली में रहता था और एक हॉस्पिटल में नोकरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। करीब महीने पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद पत्नी लक्ष्मी में साथ रहती थी।

रास्ते में डंफर ने बाइक में टक्कर मार दी : परिजनों ने बताया कि मंगलवार ओमहरी हॉस्पिटल में ड्यूटी के बाद घर जा रहा था। तभी रास्ते मे डम्फर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गांव शव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। ओमहरि ने अपने पीछे रोते बिलखते पत्नी लक्ष्मी देवी, मां मंजू देवी समेत अन्य परिजनों को छोड़ा है।

अचानक से उनका दुपट्टा मशीन के पटा में आ गया : उधर, दूसरी घटना पिसावा थाना इलाके के विक्रमगंज में हुई। जहां मंगलवार को चारा काटते समय मशीन में दुपट्टा आने से महिला की मौत हो गए। हादसे के बाद महिला के परिवार में परिजनों का का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सचिन कुमार की 26 वर्षीय पत्नी सीमा देवी पशुओं के लिए इंजन चलाकर मशीन से चारा काट रही थी। तभी अचानक से उनका दुपट्टा मशीन के पटा में आ गया।



पटा में फंसकर सीमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण व परिजन एकत्र हो गए। लोगो ने इंजन को बंद कर घायल सीमा देवी को पता और दुप्पटे से अलग किया। तत्काल परिजन एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सीमा देवी ने अपनी पीछे रोते बिलखते बेटी आस्था व बेटा आरव को छोड़ा है।

एएमयू के विमेंस कॉलेज में भ्रष्टाचार पर हुआ नुक्कड़ नाटक

अलीगढ़, (ब्यूरो)। अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विमेंस कॉलेज द्वारा भ्रष्टाचार की व्यापक जड़ों को चित्रित करने के लिए छात्राओं की एक टीम ने 'भ्रष्टाचार को ना कहें' विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें शक्तिशाली नाटकीय तत्वों और आकर्षक संवादों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।

नाटक का मंचन सरकारी निर्देशों के अंतर्गत 'भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई' का सामाजिक संदेश देने के लिए किया गया था।

विमेंस कॉलेज की प्राचार्या, प्रो नईमा खातून ने कहा कि नुक्कड़ नाटक में विभिन दृश्य विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार की बुराइयों और उसके बाद के परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किए गए थे। इस तरह के नाटक लोगों को भ्रष्ट गतिविधियों को उजागर करने, बेईमानी की प्रथाओं को रोकने और सार्वजनिक हित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम संयोजक डॉ सदफ फरीद ने बताया कि नुक्कड़ नाटक हास्यपूर्ण लेकिन सार्थक दृश्यों से भरा हुआ था। उन्होंने छात्रों और सहकर्मियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

संक्षेप खबर

बीआरसी बारुण में चहक प्रशिक्षण के चौथे चरण का शुभारंभ

औरंगाबाद(श्रीजी एक्सप्रेस)। बारुण प्रखंड स्थित बीआरसी के प्रांगण में चहक प्रशिक्षण के चौथे चरण के सातवें एवं आठवें बैच की शुरुआत तू ही राम है तू ही रहीम गीत से शुरू की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देते हुए मेंटर ज्योति शंकर प्रशिक्षक शशिधर उज्जवल पूनम कुमारी,अभिषेक पाठक ने बताया कि चहक प्रशिक्षण का आयोजन का मूल उद्देश्य है कि हम बच्चों के बीच गतिविधि के माध्यम से ही उनके ज्ञानार्जन क्षमता को अधिकाधिक बढ़ा सकते हैं। पिछले प्रशिक्षण से प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर गतिविधियों को अपने-अपने विद्यालयों में जाकर उसको मूर्त रूप दे रहे हैं तो उसके परिणाम अच्छे दिख रहे हैं। यह भी बताया कि चहक वर्तमान परिवेश में गुणात्मक शिक्षा के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक है। गतिविधि एक ऐसी विधा बन चुकी है जिसे अपनाकर प्रारंभिक वर्ग के बच्चों के लिए हम शैक्षणिक परिवेश को उत्कर्ष पर पहुंचा सकते हैं।चहक प्रशिक्षण में विशेष सहयोग लेखा सहायक कुश कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर रोशन कुमार ने दिया।आज के प्रशिक्षण में नरेंद्र कुमार सिंह, बाबू राम सिंह,अनिल कुमार दुबे, सच्चिदानंद राम, कैलाश पासवान, रामाशीष सिंह, जितेंद्र कुमार सुदामा कुमार सिंह,विनय कुमार, राम सकल सिंह,बलराम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

निक्षण पोषण योजना का लाभ देने में शिवहर दूसरे स्थान पर

शिवहर(श्रीजी एक्सप्रेस)। निक्षण पोषण योजना की राज्य स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार, लोगों को योजना का लाभ देने के मामले में शिवहर बिहार में दूसरे स्थान पर रहा है। अभियान के अंतर्गत सात नवम्बर 2022 तक पोषण राशि के भुगतान, खर्च, रैंकिंग में शिवहर जिला दूसरे स्थान पर आया है। जिले में कुल 814 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत पन्द्रह लाख पांच सौ रूपये का भुगतान किया गया है। जिला यक्ष्मा केंद्र में कार्यरत डॉट प्लस सुपरवाइजर सुधांशु शेखर रोशन ने बताया कि प्रधानमंत्री के 2025 तक टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में जिला तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की निक्षण पोषण योजना के तहत जिले में 814 टीबी मरीजों को 15 लाख 500 रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जिले को 15 लाख 22 हजार 500 रूपये उपलब्ध करायी गई थी। मांग के उपरांत जिले को 12 लाख रूपये और उपलब्ध करायी गई है। जिससे शेष बचे टीबी मरीजों को और नए आने वाले मरीजों को भुगतान किया जा सकेगा।टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिये अप्रैल 2018 में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में निक्षय पोषण योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत टीबी रोगियों को उपचार की पूरी अवधि के लिये प्रतिमाह 500 रुपए मिलते हैं। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी जरूरतों के लिए डीबीटी के माध्यम से प्रति माह 500 रुपए की राशि प्रदान कर टीबी रोगी की सहायता करना है। टीबी से लड़ने में दवा के अलावा पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन भी बहुत जरूरी होता है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. जेड जावेद ने कहा कि जिस तरह सरकार निक्षय पोषण योजना के माध्यम से, टीबी रोगियों की मदद कर रही है उसी तरह से जिले के लोग सामाजिक दायित्व के तहत निक्षय मित्र योजना से जुड़कर जिला को टीबी मुक्त करने में योगदान दे सकते हैं । उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गां व, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी/रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण और आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं।

सारण की सियासत में सशक्त चेहरा बने हैं सुधांशु रंजन

छपरा(श्रीजी एक्सप्रेस)। बिहार की पल पल बदलती राजनीति में राजद के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं सुधांशु रंजन।बिहार की राजनीति में एनडीए के घटक दलों के बीच जारी शीतयुद्ध तथा कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक ब्राम्हणों के हो रहे मोहभंग के बीच उसे अपने पाले में करने का गेम प्लान एवम प्रदेश के बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में सारण के सुधांशू रंजन राजद के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं। सारण राजद के नेताओं के परस्पर सहयोग नही मिलने के बावजूद अपने बूते निकाय चुनाव में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाले सुधांशू रंजन राजद के विस्तारित राजनीतिकरण में ब्राम्हण चेहरा हो सकते हैं। पार्टी के सूत्रों से मिल रही सूचना के मुताबिक राजद का प्रदेश नेतृत्व सुधांशू रंजन के सहारे दूरगामी रणनीति के तहत बिहार में ब्राम्हणों को साधने की फिराक में हैं। राज्य सभा अथवा विधान परिषद चुनाव में सुधांशू रंजन को प्रत्यासी बनाये जाने पर जबरदस्त मंथन चल रहा है। राजद बिहार में आगामी लोकसभा व विधानसभा में सवर्णों को आकर्षित करने हेतु नित नए प्रयोग में जुटा हुआ है। जानकर सूत्र बताते हैं कि सुधांशू रंजन को राज्य सभा या बिहार विधान परिषद चुनाव में प्रत्यासी बनाने के लिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से हरी झंडी मिल चुकी है। राजनीतिक उहापोह के इस दौर में राजद का कुनबा बरकरार रखने तथा एनडीए के साथ चल रही लुका छिपी के खेल में राजद अपना पत्ता खोलने से अभी परहेज कर रहा है। राजद के वरीय नेता शिवानंद तिवारी की राजनीति के प्रति बढ़ती अरुचि एवम मनोज झा के इकलौते ब्राम्हण नेता की मौजूदगी को और अधिक धारदार बनाने के उद्देश्य से राजद युवा नेता सुधांशू रंजन के सहारे पार्टी से ब्राम्हणों को जोड़ने की रणनीति को अमली जामा पहुंचाने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है।

आरटीपीएस सेवा का उद्घाटन

औरंगाबाद(श्रीजी एक्सप्रेस)। ओबरा प्रखंड के बेल पंचायत के पंचायत सरकार भवन में राइट टू सेवा सर्विस का उद्घाटन बुधवार को किया गया। वर्तमान मुखिया नसीम अख्तर की अध्यक्षता में आरटीपीएस सेवा का उद्घाटन पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार, पंचायत सचिव राम इसरेश सिंह तथा मुखिया नसीम अख्तर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया, इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि पंचायत से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन पंचायत सरकार भवन से ही संपन्न होंगे ,साथ ही जाति ,आय, आवासीय के साथ सभी प्रकार का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा ,इसके लिए रोस्टर बना दिया गया है ,रोस्टर के अनुसार लेखापाल ,उप मुखिया ,आवास सहायक ,तकनीकी सहायक, पंचायत सेवक, सचिव के साथ अन्य कर्मी रोस्टर के अनुसार कार्यालय में बैठकर लोगों को सेवा देंगे ,पंचायत सरकार भवन से पंचायत के लोगों को बेहतर सेवा देना प्राथमिकता होगी, मुखिया नसीम अख्तर ने भी पंचायत वासियों से आग्रह किया कि आप सबके सुविधा के मद्देनजर पंचायत सरकार भवन में आरटीपीएस सेवा केंद्र स्थापित किया गया है ,साथ ही पंचायत के सभी कार्य चाहे कृषि से संबंधित हो, अंचल से या विकास से संबंधित होगा सभी का निष्पादन यही से होगा, सभी का सहयोग अपेक्षित है ,इस मौके पर उप मुखिया नूरेसा खातून ,लेखापाल सह आई टी सहायक मुकेश कुमार, कनीय अभियंता आकांक्षा कुमारी, कार्यपालक सहायक इंतलेश कुमार, आवास सहायक सुमन रानी, वार्ड सदस्य मृत्युंजया हुसैन, पांचू कुमार ,सनोज कुमार समेत काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे

आंगनबाड़ी समेत विभिन्न योजनाओं को बीडीओ ने किया जांच

औरंगाबाद(श्रीजी एक्सप्रेस)। प्रखंड के डिहरी पंचायत में विभिन्न योजनाओं को वीडिओ राजू कुमार ने जांच किया। बीडीओ राजू कुमार ने वरीय पदाधिकारी के आदेश पर विभिन्न योजनाओं की जांच की , सर्वप्रथम डिहरी के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 57 पर पहुंचे तो वीडिओ ने छात्रों से सवाल पूछा, सवाल के जवाब संतोषजनक मिलने पर वीडिओ ने छात्रों को धन्यवाद दिया। उन्होंने छात्रों से कहा कि धन्यवाद को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है तो छात्रों ने कहा थैंक्स, इसके बाद वीडिओ काफी खुश दिखे, कहा कि इस तरह के आंगनबाड़ी केंद्र से अन्य केंद्रों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। बच्चों को पोशाक के साथ देखकर प्रसन्नता जाहिर की, वीडिओ ने बताया कि इस नामांकित केंद्र पर 22 बच्चे उपस्थित दिखे। इस तरह से विभिन्न योजनाओं का पंचायत में जांच किया गया। नल जल योजना, जन वितरण प्रणाली दुकान क जांच किए। ग्राम विशुनपुरा के डीलर गंगा दयाल सिंह से संपर्क करने पर भंडार पंजी के साथ स्टॉक की जांच की गई। जांच उपरांत सही पाया गया।

तीसरा टी20 टाई, भारत ने शृंखला 1-0 से जीती

नेपियर। एजेंसी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को वर्षाबाधित तीसरा टी20 मैच टाई होने के बाद भारत ने तीन मैचों की शृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ने मोहम्मद सिराज (17/4) और अर्शदीप सिंह (37/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड को पहली पारी में 160 रन पर ऑलआउट कर दिया। इसके बाद हार्दिक पांड्या (30 नाबाद) के महत्वपूर्ण योगदान की मदद से टीम ने नौ ओवर में 75 रन बना लिये। बारिश के कारण इसके आगे खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुइस पद्धति के आधार पर मैच को टाई करार दिया गया। वेलिंगटन में सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद भारत ने माउंट मौंगानुई में दूसरा टी20 65 रन से जीता था। सूर्यकुमार यादव को माउंट मौंगानुई में उनके विस्फोटक शतक के लिये प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जबकि सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने फिन ऐलन का विकेट तीन रन पर गंवा दिया। केन विलियम्सन की जगह टीम में आये मार्क चैपमैन भी सिर्फ 12 रन ही बना सके, जिसके बाद कॉनवे और फिलिप्स की जोड़ी ने पारी को संभाला। धीमी शुरुआत करने वाले कॉनवे ने 11 गेंदों पर सिर्फ दो रन बनाये थे लेकिन चौथे ओवर में अर्शदीप सिंह को एक छक्का और दो चौके लगाकर उन्होंने हाथ खोले। फिलिप्स ने भी आक्रामक खेल दिखाया और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 86 रन की साझेदारी हुई। कॉनवे ने 49 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 59 रन बनाये जबकि फिलिप्स ने 33 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्के लगाकर 54 रन की पारी खेली।यह जोड़ी न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर की ओर ले जा रही थी लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में विकेट निकालकर मैच पर पकड़ बना ली। न्यूजीलैंड ने 15 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाने के बाद अगले आठ विकेट सिर्फ 31 रन के बदले गंवाये। सिराज ने चार ओवरों में 17 रन देकर फिलिप्स सहित चार बल्लेबाजों को आउट किया। अर्शदीप ने भी चार ओवरों में 37 रन देकर चार विकेट लिये, जिसमें कॉनवे का बहुमूल्य विकेट शामिल रहा। हर्षल पटेल ने आखिरी ओवर में टिम साउदी को बोल्ड किया और पूरी कीवी टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर सिमट गयी।न्यूजीलैंड ने जवाबी कार्यवाही में लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शुरुआती झटके दिये।

अर्जेंटीना को हराकर सऊदी ने किया उलटफेर



दोहा। एजेंसी

सऊदी अरब ने फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-सी मुकाबले में मंगलवार को दक्षिण अमेरिका की दिग्गज टीम अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर विश्व कप इतिहास के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक को अंजाम दिया। लुसैल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिये सालेह अलशहरी (48वां मिनट) और सालेम अलदौसारी (53वां मिनट) ने गोल किये, जबकि अर्जेंटीना का एकमात्र गोल लियोनेल मेसी ने 10वें मिनट में किया।मेसी ने मैच के 10वें मिनट में ही पेनल्टी स्पॉट को गोल में तब्दील कर अर्जेंटीना को शुरुआती बढ़त दिला दी थी, लेकिन सऊदी ने इसके बाद ज़ोरदार वापसी की और दूसरे हाफ में दो गोल करके इस उलटफेर पर मुहर लगाई। इस ऐतिहासिक जीत के साथ सऊदी अरब ग्रुप-सी की अंक तालिका में तीन अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि करारी हार के कारण अर्जेंटीना तालिका में सबसे नीचे चली गयी है। मैच से पहले सभी की नजरें मेसी और अर्जेंटीना पर थीं। मेसी की टीम पिछले तीन सालों में लगातार 36 मैच जीतकर टूर्नामेंट में आ रही थी और इटली के 37 जीत के विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ एक मैच पीछे थी, लेकिन 53वीं विश्व रैंकिंग वाली सऊदी के क्षेत्ररक्षण ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।सऊदी ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद दूसरे हाफ के शुरुआती 10 मिनटों में भरपूर दमखम दिखाया। उन्होंने इस दौरान अपने दोनों गोल दागे जो अर्जेंटीना की हार में निर्णायक साबित हुए।

इस विकेट पर आक्रमण ही सबसे अच्छा बचाव था: हार्दिक पंड्या

नेपियर। एजेंसी

भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने 18 गेंद पर नाबाद 30 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीसरे एवं अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को टाई कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद मंगलवार को यहां कहा कि इस विकेट पर आक्रमण ही सबसे अच्छा बचाव था।भारत ने 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 2.5 ओवर में 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पंड्या ने इसके बाद आक्रामक पारी खेली जिससे भारत ने बारिश आने तक चार विकेट पर 75 रन बनाए थे जोकि डकवर्थ लुईस पद्धति से बराबरी का स्कोर था। भारत में इस तरह से यह श्रृंखला 1-0 से जीती।पंड्या ने मैच के बाद कहा, ''मैं पूरा मैच खेल कर जीत हासिल करना पसंद करता लेकिन ऐसा होता है। मुझे लगा कि इस विकेट पर आक्रमण ही सबसे अच्छा बचाव है।''उन्होंने कहा,'' हम जानते थे कि उनके पास किस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है इसलिए 10 से 15 अतिरिक्त रन बनाना महत्वपूर्ण था भले ही हमने कुछ विकेट गंवा दिए थे।''पंड्या ने कहा,'' इस तरह के मैचों में हमें कुछ खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिलता है लेकिन मौसम पर हमारा नियंत्रण नहीं है। अब मैं घर लौट जाऊंगा और कुछ समय अपने बेटे के साथ बिताऊंगा।''न्यूजीलैंड के कार्यवाहक कप्तान टिम साउदी ने स्वीकार किया उनकी टीम बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी लेकिन उन्होंने तीन विकेट जल्दी निकालने के लिए गेंदबाजों की प्रशंसा की।साउदी ने कहा,'' बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हमने इसके बाद जल्दी-जल्दी विकेट लेने को लेकर बात की। हम जानते थे कि अगर हम शुरू में विकेट हासिल कर देते हैं तो फिर कुछ भी हो सकता है। दुर्भाग्य से बारिश आ गई।''मोहम्मद सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।सिराज ने कहा,'' इस विकेट पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और मैंने सही लेंथ से गेंद करने पर ध्यान दिया जिसका मुझे फायदा मिला। मैंने ऐसी गेंदबाजी करने के लिए विश्वकप के दौरान काफी अभ्यास किया था। मैंने अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की।''

विश्व युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप- सात भारतीयों ने पदक पक्के किए

नई दिल्ली। एजेंसी

मौजूदा युवा एशियाई चैम्पियन रवीना, विश्वनाथ सुरेश और वंशज उन सात भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने स्पेन के ला नुसिया में चल रही विश्व युवा पुरुष एवं महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए।

अंतिम चार में जगह बनाने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में भावना शर्मा (48 किग्रा), कुंजारानी देवी थोंगम (60 किग्रा), लशु यादव (70 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) शामिल हैं।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत की चार महिला खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में अपने मुकाबले 5-0 के समान अंतर से जीते।रवीना ने जहां 63 किग्रा मुकाबले में रोमानिया की एलेक्जेंड्रा क्रेटू को हराया, वहीं भावना ने वेनेजुएला की एविमिर ब्रिटो को, कुंजारानी ने कजाकिस्तान की एगेरिम कबदोल्डा को और लशू ने मैक्सिको की जुजेट हर्नांडेज का शिकस्त दी।भारतीय महिला खिलाड़ियों में केवल ग्रिविया देवी हुइड्रोम (54 किग्रा) को ही हार का सामना करना पड़ा। उन्हें कजाकिस्तान की एलिना बजरोवा से 5-0 से पराजित किया।इस बीच भारतीय पुरुषों के लिए यह मिश्रित सफलता वाला दिन रहा। भारत के पांच पुरुष मुक्केबाजों में से तीन ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।विश्वनाथ (48 किग्रा) और वंशज (63.5 किग्रा) ने क्रमशः ऑस्ट्रेलिया के जे केर और किर्गिस्तान के उमर लिवाजा पर सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।

कारोबार

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजार मजबूत

मुंबई। एजेंसी

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत नजर आ रहे हैं। अमेरिकी और यूरोपीय बाजार पिछले कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि यूएस फ्यूचर्स में हल्की बढ़त बनी नजर आ रही है। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी ज्यादातर इंडेक्स मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं।पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। डाओ जोंस 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33,700.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,949.94 अंक पर बंद हुआ। जबकि नैस्डेक ने 121.55 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूट कर 11,024.51 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। अमेरिकी बाजारों में कुल 53 प्रतिशत शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। आपको बता दें कि कल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के मिनट्स आने वाले हैं। जानकारों का कहना है कि निवेशकों को फिलहाल यूएस फेड के मिनट्स का इंतजार है। इन मिनट्स के आधार पर ही अमेरिकी बाजारों की दशा और दिशा का अनुमान लगाया जा सकेगा।अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का असर यूरोपीय बाजारों पर भी देखा गया। एफटीएसई इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,376.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं सीएसी इंडेक्स ने 0.15 प्रतिशत लुढ़क कर 6,634.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। जबकि डीएएक्स इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,379.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों के विपरीत एशियाई बाजार में ज्यादातर शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। अभी तक के कारोबार में एसजीएक्स निफ्टी, हैंग सेंग इंडेक्स और कोस्पी इंडेक्स के अलावा शेष सभी प्रमुख बाजारों में बढ़त बनी हुई है। एसजीएक्स निफ्टी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 18,196.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

एडब्ल्यूएस ने भारत में दूसरे अवसंरचना क्षेत्र की शुरुआत की; 36,300 करोड़ रुपये के निवेश की योजना

हैदराबाद। एजेंसी

अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने मंगलवार को भारत में अपने दूसरे अवसंरचना क्षेत्र-एडब्ल्यूएस एशिया प्रशांत (हैदराबाद) क्षेत्र की शुरुआत की।प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी ने एक बयान में बताया कि आज से डेवलपर्स, स्टार्टअप और उद्यमियों के साथ ही सरकार, शिक्षा तथा गैर-लाभकारी संगठनों के पास भारत में स्थित डेटा केंद्रों से अपने अनुप्रयोगों को संचालित करने और अंतिम उपयोगकर्ताओं को सेवाएं देने के अधिक विकल्प होंगे।एडब्ल्यूएस ने कहा कि इस अवसंरचना क्षेत्र के तहत 2030 तक लगभग 36,300 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे और 48,000 से अधिक लोगों को पूर्णकालिक रोजगार मिलने का अनुमान है।बयान में कहा गया कि डेटा एनालिटिक्स, सुरक्षा, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित नवाचार के लिए ग्राहकों के पास उन्नत एडब्ल्यूएस प्रौद्योगिकियों तक पहुंच होगी।

अमेजन डेटा सर्विसेज में अवसंरचना सेवाओं के उपाध्यक्ष प्रसाद कल्याणरमन ने कहा, एडब्ल्यूएस एशिया प्रशांत (हैदराबाद) क्षेत्र की शुरुआत से भारत के डिजिटल रूपांतरण को बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2011 में अपना पहला कार्यालय खोलने के बाद से यह देश में हमारे दीर्घकालिक निवेश का हिस्सा है। भारत में ग्राहकों और भागीदारों के पास अब अनुप्रयोगों के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा समर्थन होगा।इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने के विजन के तहत 'इंडिया क्लाउड' बड़े विस्तार और नवाचार के लिए तैयार है। डेटा केंद्र डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण तत्व हैं।

भारत में अपने डेटा केंद्रों के विस्तार में एडब्ल्यूएस द्वारा किया गया निवेश एक स्वागत योग्य कदम है और निश्चित रूप से भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद करेगा।तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री के टी रामाराव ने कहा, हम हैदराबाद में एडब्ल्यूएस क्षेत्र में लगभग 36,300 करोड़ रुपये का निवेश करने की एडब्ल्यूएस की प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।

भारत, ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते के लिए ऑस्ट्रेलियाई संसद में विधेयक

कैनबरा। एजेंसी

भारत और ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाते हुए ऑस्ट्रेलिया की संसद में इस संबंध में विधेयक पेश किया गया। ऑस्ट्रेलियाई सरकार मौजूदा साल में ही दोनों समझौतों को पूरा करने पर जोर देर रही है।

ये दोनों विधेयक ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि चीनी बाजार के अस्थिर होने चलते भारत के साथ निर्यात में विविधता लाना जरूरी है, जबकि ब्रिटेन के यूरोपीय संघ को छोड़ने के बाद उसके साथ नया द्विपक्षीय व्यापार समझौता जरूरी हो गया है।

विधेयक सोमवार को आसानी से प्रतिनिधि सभा में पारित हो गए। सरकार को उम्मीद है कि मंगलवार को सीनेट में भी ये विधेयक पारित हो जाएंगे।

व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने कहा कि भारत ने द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। उन्होंने कहा, ÷भारत के साथ मजबूत आर्थिक संबंध सरकार की व्यापार विविधीकरण रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (एआई-ईसीटीए) को लागू करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई संसद द्वारा मंजूरी की आवश्यकता है। भारत में इस तरह के समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल मंजूरी देता है।समझौते के तहत, ऑस्ट्रेलिया लगभग 96.4 प्रतिशत निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए भारत को शून्य सीमा शुल्क पहुंच की पेशकश कर रहा है।

अपनी बात

राजस्व में उछाल की उम्मीद- मूडीज

भारत की राजकोषीय स्थिति में मजबूती की प्रवृत्ति बरकरार

मुंबई। एजेंसी

साख तय करने वाली और शोध कंपनी मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने मंगलवार को कहा कि भारत के लिये धीरे-धीरे राजकोष के स्तर पर मजबूती का रुख बरकरार है और आने वाले समय में राजस्व के साथ कर्ज के स्थिर होने के मामले में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुजमैन ने कहा कि भारत की 'बीएए3' साख अपेक्षाकृत उच्च आर्थिक वृद्धि और उभरते बाजारों में अत्यधिक कर्ज की स्थिति को संतुलित करती है। भारतीय कंपनियों के कर्ज में कमी की स्थिति देश की मजबूत वित्तीय प्रणाली को बताती है।

उन्होंने मूडीज के 'ऑनलाइन' आयोजित कार्यक्रम

'सॉवरेन डीप डाइव' में कहा, ''हमारा अनुमान है कि भारत अगले साल जी-20 में तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाला देश होगाज्हालांकि उच्च महंगाई दर देश की वृद्धि दर के रास्ते में जोखिम है क्योंकि मुद्रास्फीति से परिवार और कंपनियों की क्रय शक्ति कम होगी।''मूडीज ने इस महीने की शुरूआत में 2022 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 7.7 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया। साथ ही 2023 में इसके घटकर 4.8 तथा 2024 में बढ़कर करीब 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2021 में 8.5 प्रतिशत रही थी।रेटिंग एजेंसी ने जी-20 अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 2023 में घटकर 1.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पूर्व में जताये गये 2.1 प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है।गुजमैन ने कहा कि राजकोषीय स्थिति में आगे और सुधार तथा उम्मीद के विपरीत राजकोषीय मजबूती से कर्ज में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे भारत के लिये रेटिंग के मामले स्थिति सकारात्मक होगी।उल्लेखनीय है कि मूडीज ने पिछले साल अक्टूबर में भारत के साख परिदृश्य 'नकारात्मक' से 'स्थिर' श्रेणी में रखा और बीएए3 साख को बरकरार रखा। यह निम्न निवेश स्तर की रेटिंग है और कबाड़ वाले दर्जे से सिर्फ एक पायदान ऊपर है।

ग्लैमर कोना



अजय देवगन की फिल्म भोला का धमाकेदार टीजर रिलीज

मुंबई(श्रीजी एक्सप्रेस)। अजय देवगन और तब्बू की आगामी फिल्म भोला का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। फिल्म के इस टीजर को फैंस के साथ शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा-कौन है वो ...जिसको पता है, वो खुद लापता है! सामने आये फिल्म के टीजर की शुरुआत सरस्वती नाम के एक अनाथालय से होती है, जहां एक छोटी बच्ची पर फोकस किया जाता है। अनाथ आश्रम की केयरटेकर बच्ची को बताती हैं कि उससे कोई मिलने आने वाला है, जिसे सुन वह कंफ्यूज हो जाती है कि आखिर उससे कौन मिलने आने वाला है क्योंकि उसका तो कोई है नहीं। इसके बाद टीजर में जेल का सीन दिखाया जाता है और इसके बाद जेल में मौजूद अजय देवगन को दिखाया जाता है, जो श्रीमदभगवत गीता पढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। टीजर के ब्रैकग्राउंड में एक आवाज सुनाई देती है कि ये वो शख्स है, जो जब भी भस्म लगाता है तो लोगों को भस्म कर देता है. टीजर के आखिर में एक्शन सीक्वेंस में अजय देवगन अपना जलवा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। %भोला% के इस टीजर से साफ जाहिर होता है कि अजय की ये फिल्म एक धमाकेदार एक्शन फिल्म होगी। फिल्म के इस टीजर के सामने आने के बाद फैंस इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता अजय देवगन ने इस फिल्म में अभिनय करने के साथ-साथ इसका निर्देशन भी किया है।

हिट मेकर तनिष्क बागची इस साल एक शांत और कुछ करीबी लोगों के साथ जन्मदिन मनाएंगे

मुंबई। श्रीजी एक्सप्रेस

बॉलीवुड में सबसे प्रमुख आवाजों में से एक, तनिष्क बागची इस साल एक साधारण जन्मदिन मना रहे हैं। जिस संगीतकार ने हमें माणिके और राता लंबियां जैसे हिट सॉन्ग्स दिए,अब इसे एक साल का हो गया है, और भी उनकी क्रेज बनी हुई है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने तरीके से जन्मदिन मनाने का फैसला किया है।म्यूजिक कंपोजर जोर-शोर से पार्टी करने के बजाय अपने जन्मदिन पर वह कर रहे होंगे जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, संगीत बनाना। ÷इस साल मैंने अपना जन्मदिन कुछ चुने हुए लोगों के साथ रहने का फैसला किया है जिन्हें मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं और उनके साथ बैठता हूं, गाता हूं, खेलता हूं और संगीत बनाता हूं। कुल मिलाकर बस एक अच्छा दिन है और इसे उस चीज को करने में बिताऊंगा जिससे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हु, तनिष्क ने कहा।तनिष्क बागची हिटमेकर हैं और साल के कुछ सबसे वायरल गानों को बनाते हुए उन्हें काफी साल हो गए हैं।

फिल्म निर्माता राहुल मित्रा 'फाइल नंबर 323' में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

नई दिल्ली(श्रीजी एक्सप्रेस)। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता राहुल मित्रा बहुत जल्द फिल्ममेकर अनुराग कश्यप, सुनील शेट्टी, दिव्या दत्ता और ईशा के साथ फिल्म 'फाइल नंबर 323' में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। कार्तिक के. द्वारा निर्देशित यह क्राइम ड्रामा के निर्माता को मेहुल चौकसी की ओर से मिले कानूनी नोटिस मिलने के बाद से चर्चा में है।

कानूनी नोटिस में बताया गया था कि अनुराग कश्यप इस फिल्म में विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी जैसे लोगों के व्यक्तित्व से प्रेरित करोड़पति शख्स की भूमिका निभा रहे हैं।

दूसरी ओर सुनील शेट्टी एक चार्टर्ड एकाउंटेंट की भूमिका निभा रहे हैं, जो आर्थिक अपराधियों को पकड़ने के लिए जोर-आजमाइश करता है, जबकि दिव्या दत्ता फिल्म में वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। वहीं, राहुल मित्रा को सीबीआई के मुख्य वकील की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अनुबंधित किया गया है, जिन्हें अनुराग कश्यप के चरित्र के खिलाफ एक मजबूत मामला बनाने का काम सौंपा जाएगा। दिव्या दत्ता और राहुल मित्रा के बीच के दृश्यों के साथ फिल्म की शूटिंग सप्ताहांत में शुरू हो गई है, जिसे वर्तमान में मुंबई के बाहरी इलाके में एक स्टूडियो में फिल्माया गया है।

थाई हाई स्लिट ड्रेस में सनी लियोनी ने ढाया हुस्न का कहर

मुंबई। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

बॉलीवुड की बेबी डॉल एक्ट्रेस सनी लियोन अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, सनी लियोन ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर स्काई ब्लू की शिमरी आउटफिट में अपनी हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। जिन्हें देखकर फैंस उन पर अपना प्यार लुटा रहे हैं. एक्ट्रेस सनी लियोन अपनी हॉटनेस का जलवा सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। उनकी एक झलक के लिए फैंस दीवाने बने रहते हैं। शिमरी स्काई ब्लू थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस सनी लियोन गजब की बला नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस सनी लियोन इस आउटफिट में अपनी टोंड लेग्स और क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। न्यूड मेकअप और ओपन हेयर अप्सरा सी नजर आ रही हैं। सएक्ट्रेस की खूबसूरती देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। वहीं, उनके आउटफिट की तारीफें कर रहे हैं। फैंस सनी लियोन के हर लुक की तारीफ कर रहे हैं।

एक्ट्रेस सनी लियोन की तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी पोस्ट पर फायर और हार्ट इमोजी सेंड कर रहे हैं। एक्ट्रेस सनी लियोन की तस्वीरों पर फैंस ग्लैमरस और हॉट जैसे कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस सनी लियोन के इंस्टाग्राम पर 54.3 मिलियन फैंस फॉलो करते हैं।

समीक्षा भटनागर ने धारावी बैंक में इरावती के रूप में भावनात्मक प्रभाव छोड़ा

मुंबई। टीवी अभिनेत्री समीक्षा भटनागर, जिन्होंने फिल्म पोस्टर बॉयज में काम किया है और टेलीविजन शो उतरन का हिस्सा रह चुकी हैं, ने स्ट्रीमिंग सीरीज धारावी बैंक में इरावती की अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय कर दर्शकों के दिलों पर खास प्रभाव छोड़ा है।वह जेसीपी जयंत गावस्कर के विवेक आनंद ओबेरॉय के चरित्र की पत्नी की भूमिका निभ रही हैं और उनका प्रदर्शन अपनी भावनात्मक अपील के कारण बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ता है। और यही चरित्र के प्रति उनके दृष्टिकोण का एक प्रमुख हिस्सा बना क्योंकि उन्हें लगता है कि दर्शकों तक पहुंचने का सबसे शक्तिशाली तरीका चरित्र की भावनाओं के माध्यम से है।गंदी संकरी गलियां, खुले सीवर, और तंग झोपड़ियों का एक अंतहीन खिंचाव - एक ऐसा स्थान जिसे एक लाख से अधिक लोग घर कहते हैं, धारावी, रहस्यों के समुद्र को आश्रय देने के लिए काफी गहरा है और धारावी बैंक अपने मनोरंजक आख्यान के साथ इसका सार सामने लाता है।धारावी बैंक, जो एक एमएक्स ओरिजिनल सीरीज है, धारावी की दीवारों के भीतर चल रहे एक विशाल अपराध सांठगांठ की शक्ति से भरपूर कहानी प्रस्तुत करती है, जिसे एक प्रभावशाली व्यक्ति थलाइवन संचालित करता है। सुनील शेट्टी, थलाइवन के रूप में अपना ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं।सीरीज के बारे में बात करते हुए, समीक्षा ने कहा, मैं निर्देशक की दृष्टि से उत्साहित थी। समित सर ने इस श्रृंखला को अच्छी तरह से तैयार किया है, जिसमें दो योग्य विरोधियों को एक दूसरे को पीछा करने के संघर्ष को उजागर किया गया है, इस मनोरंजक थ्रिलर के एपिसोड एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हो रहे हैं और दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं।

गोविंदा नाम मेरा में अपने किरदार को लेकर भूमि पेडनेकर ने साझा किया अनुभव

मुंबई। श्रीजी एक्सप्रेस

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी आगामी फिल्म गोविंदा नाम मेरा, एक कॉमिक थ्रिलर में अपने अविश्वसनीय अभिनय और डायलॉग डिलीवरी के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने एक खास अनुभव साझा किया है।

भूमि ने कहा, मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि फिल्म निर्माता महसूस कर सकते हैं कि मैं वास्तव में कड़ी मेहनत कर सकती हूं और किसी भी भूमिका को पूरा करने की कोशिश कर सकती हूं जो वे मुझे प्रदान करते हैं। मेरे लिए यह मेरे काम और एक कलाकार के रूप में मेरे कौशल के लिए सबसे बड़ी मान्यता है।

गोविंदा नाम मेरा में मेरा किरदार है कि मैं फिर से कुछ अलग करने की कोशिश कर रही हूं, हर फिल्म के साथ इसे फिर से बदलने की कोशिश कर रही हूं और उम्मीद है कि अपने प्रदर्शन से लोगों को प्रभावित करूंगी।

उन्होंने आगे कहा, मुझे एक सांचे में ढाले जाने से नफरत है और मैं लगातार यथास्थिति को चुनौती देने और कुछ अलग करने के लिए देखती हूं। मुझे खुशी है कि दर्शक ट्रेलर में मेरे चरित्र को पसंद कर रहे हैं। यह सिर्फ एक टीस है कि फिल्म में क्या उम्मीद की जाए। यह फिल्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है।शशांक खेतान द्वारा निर्देशित, गोविंदा नाम मेरा एक आकर्षक गोविंदा वाघमारे के बारे में है, जो अराजकता, भ्रम और हँसी की इस खुराक में अपनी पत्नी और अपनी प्रेमिका के बीच अपने समय और प्यार की बाजीगरी करता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, भूमि के पास फिल्मों की एक दिलचस्प लाइन है - अफवाह, भीड़, लेडी किलर और मेरे पति की बीवी।

दुलकर और सनी देओल की चुप अब ओटीटी पर, 25 नवंबर को जी5 पर रिलीज होगी फिल्म

मुंबई। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

दुलकर सलमान और सनी देओल अभिनीत फिल्म चुप को दर्शकों और समीक्षकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म की कहानी से लेकर इसमें कलाकारों के अभिनय तक की काफी तारीफ हुई। दर्शक पिछले काफी समय से इसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म होने वाला है। अब जो दर्शक फिल्म को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए, वे ओटीटी पर इसका लुत्फ उठा पाएंगे।चुप 25 नवंबर, 2022 को जी5 पर आएगी। जी5 ने ट्वीट किया, सिनेमा के प्यार के लिए वो उन सभी को चुप करा देंगे, जो फिल्मों की आलोचना करने के लिए अपनी ताकत का दुरुपयोग करते हैं। इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर चुप ट्रेंड हो रहा है, वहीं दुलकर और सनी के प्रशंसक इस खबर से बेहद खुश हैं। खबर है कि यह फिल्म ओटीटी पर हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी। चुप में सस्पेंस, थ्रिलर और रोमांस कूट-कूटकर भरा हुआ है। इसमें काफी कुछ अलग किया गया है। जैसे सीरियल किलर अपनी गर्लफ्रेंड को कागज के फूल देता है। पुरानी फिल्म के गाने भी इस्तेमाल किए गए हैं। इसका कॉन्सेप्ट बहुत अलग है। चुप का निर्देशन आर बाल्की ने किया है।

कैटरीना कैफ और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा के ट्रेलर की तारीफ की

मुंबई। एजेंसी

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने विक्की कौशल की आने वाली फिल्म गोविंदा नाम मेरा के ट्रेलर की तारीफ की है। गोविंदा नाम मेरा में विक्की कौशल, भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। गोविंदा नाम मेरा का ट्रेलर हाल ही रिलीज हुआ है।

विक्की कौशल की पत्नी कैटरीना कैफ और कियारा आडवाणी के रुमर्ड ब्वायफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फिल्म की तारीफ की है।कैटरीना कैफ ने फिल्म गोविंदा नाम मेरा का ट्रेलर देखने के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ÷यह काफी मजेदार लग रहा है।÷ विक्की ने भी पोस्ट को री-शेयर करते हुए अंग्रेजी में लिखा,माय। विक्की ने इस कमेंट के साथ दिल वाली इमोजी भी लगाई।सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ÷बहुत ही मजेदार कास्ट है और बहुत ही दिलचस्प कहानी है। यह एक मजेदार राइड लग रही है और मैं इस फिल्म को देखने का इंतजार कर रहा हूं।गोविंदा नाम मेरा को 16 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। गोविंदा नाम मेरा को शशांक खेतान ने लिखा और निर्देशित किया है। यह एक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर फिल्म है,

बहार आला गाने पर बोले शंकर महादेवन

मुंबई। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो



मराठी फिल्म कत्यार कलजत घुसली में अपने शानदार अभिनय के बाद गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने अब मराठी फिल्म गोष्टा एक पैठनिची के बहार आला गाने को अपनी आवाज दी है, जिसने 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म का सम्मान हासिल किया। यह गाना खूब सुर्खियां बटोर रहा है।

रोमांटिक संख्या एक प्रेमी और खिले हुए फूल के बीच तुलना करती है। गाने को सयाली संजीव और सुव्रत जोशी पर फिल्माया गया है।

गीत के बारे में बात करते हुए, शंकर महादेवन ने कहा, यह एक सरल, चलती कहानी में काल्पनिक रूप से फिट होने वाली एक सुंदर रचना थी। यह कालातीतता की भावना के साथ एक सार्थक गीत है। मुझे खुशी है कि यह इस तरह की एक विशेष फिल्म का हिस्सा है।

उन्होंने आगे कहा, बहार आला में श्रोताओं को पुरानी यादों में ले जाने और प्यार का एक शांत, निर्मल उत्सव मनाने का गुण है। मुझे मराठी गाने गाना बहुत पसंद है क्योंकि गानों की कच्ची भावनात्मक और सरल गुणवत्ता है। वे अपनी मासूमियत को बचाए रखने में सक्षम हैं।

गाने को माणिक गणेश ने लिखा और कंपोज किया है। फिल्म एक साधारण महिला के संघर्ष और महत्वाकांक्षाओं पर आधारित है।सयाली संजीव, जिन पर इस गाने को फिल्माया गया है, ने साझा किया, जिस मिनट मैंने इसे सुना, मुझे गाने से प्यार हो गया।

यह फिल्म के मेरे पसंदीदा नंबरों में से एक है। दर्शक इसके अप्रतिरोध्य आकर्षण में खिंचे चले आएंगे।

अक्षय बरदापुरकर, पीयूष सिंह, अभयानंद सिंह और सौरभ गुप्ता द्वारा निर्मित, गोश्त एक पैठनिची 2 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मनोरंजन-दुनिया

बिग बॉस 16

कैप्टेंसी टास्क के बीच भड़के संचालक साजिद खान

मुंबई। श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो

बिग बॉस 16 के आगामी एपिसोड में साजिद खान कैप्टेंसी टास्क के दौरान अपना आपा खो बैठतें हैं। चैनल कलर्स द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक नए प्रोमो में साजिद को संचालक के रूप में दिखाया गया है, जो लोगों को ऐसे काम करने से मना करता है जिसे वह बहुत खतरनाक मानते हैं।

प्रोमो में, बिग बॉस कप्तानी कार्यों की घोषणा करते हैं और राजा के गैर-पसंदीदा प्रियंका चौधरी, अंकित गुप्ता और अर्चना गौतम को बारी-बारी से खोपड़ी के अंदर बैठने और टीम के विभिन्न सदस्यों को निर्देश देने के लिए कहते हैं।प्रियंका ने निमृत कौर अहलूवालिया को तब तक पुश-अप्स करने के लिए कहा जब तक उन्हें रुकने के लिए नहीं कहा जाए। जबकि निमृत आज्ञा का पालन करती है, इसके बाद भी प्रियंका इस बात से नाखुश थी कि वह ठीक से पुश-अप्स नहीं कर रही थी।

साजिद ने कहा कि निमृत सही कर रही है, लेकिन प्रियंका ने इसका विरोध किया। इसके बाद, अर्चना ने शिव से नमक का कटोरा लाने को कहा। साजिद ने ऐसा होने से भी मना कर दिया। इसके बाद अर्चना साजिद पर चिल्लाई तो साजिद ने कहा, तुम कल क्या बोलेगी? मिर्ची आंख में डालो।अंकित ने अब्दु को कच्चे अंडे पीने की चुनौती दी, जो उसने किया। फिर उसने उसे पांच मिनट में दो लीटर पानी पीने के लिए कहा लेकिन साजिद ने ऐसा करने से मना कर दिया। जब प्रियंका ने खोपड़ी के अंदर बैठे लोगों का मकसद पूछा कि क्या संचालक उन्हें कुछ नहीं करने देंगे। साजिद ने जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, मैं भी चिल्ला सकता हूं! बिल्कुल सही है, संचालक चीटर है।

शालीन के पिता ने की सुम्बुल के पिता की आलोचना

बिग बॉस 16 के हालिया एपिसोड में, सुम्बुल तौकीर के साथ एक ऑडियो बातचीत में उनके पिता ने शालिन और टीना के बारे में अपना बयान देते हुए कहा, शालिन और टीना को उनकी औकाद दिखा दो। इस बात से शालीन भनोट के पिता को गुस्सा आ गया। उन्होंने इस बात के लिए सुंम्बुल के पिता की अलोचना की।इसके बाद शालीन भनोट के पिता ने कहा, क्या लोग राष्ट्रीय टेलीविजन पर इस तरह बोलते हैं? राष्ट्रीय टेलीविजन पर अन्य प्रतिभागियों के खिलाफ अनुचित आपत्तिजनक टिप्पणी करना बहुत ही खराब है!

और यह और भी चौंकाने वाला है कि ये टिप्पणियां

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक सौरभ वार्ष्णेय द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली से मुद्रित कराकर सी-1/9, तृतीय तल, संजय एंकलेव, उत्तम नगर, नई दिल्ली -110059 से प्रकाशित किया।
संपादक - सौरभ वार्ष्णेय, आर.एन.आई नं DELHIN/2016/71693 (किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा नई दिल्ली क्षेत्र के न्यायालय में ही मान्य होगा) (फोन नं. - 011-49433760, 9673140113, विज्ञापन- 9319720113, प्रसार व्यस्थापक-9891992737)